page 1_Layout 1 02-10-2026 20:58 Page 1

डेली
आवाज भारती
बुलंद भारत की बुलंद आवाज़

» बरनाला, मोहाली, चंडीगढ़ » शनिवार, 3 अक्तूबर 2026 » वर्ष : 01 अंक :161 » मूल्य : 3 रू. » RNI NO. : PBHIN/26/A2687 » स्थानीय संपादक : हेमंत मित्तल

अनमोल वचन

'जब मनुष्य का मन शांत होता है, तभी वह सच्ची खुशी पाता है।'


पढ़े पृष्ठ 6 पर...

आज का भारती



सुजीत कलकल

सुजीत ने रेसलिंग में 2-9 से पिछड़कर जीता गोल्ड

रेसलिंग के पुरुषों के 65 किग्रा फ्रीस्टाइल फाइनल में सुजीत कलकल ने ताजिकिस्तान के अब्दुलमजीद कुडिएव को 10-9 से हराया। मुकाबले में एक समय सुजीत 2-9 से पीछे थे और सिर्फ 1 मिनट 40 सेकंड का खेल बाकी था। इसके बाद उन्होंने लगातार टेकडाउन किए। आखिरी 11 सेकंड में एक और टेकडाउन से 2 अंक लेकर स्कोर 10-9 कर दिया और गोल्ड जीत लिया।

भारत ने चीन से छीना गोल्ड मेडल

भारतीय विमेंस हॉकी को एशियाड में 44 साल बाद गोल्ड: 13वें दिन 6 गोल्ड

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली। जापान के आईची नागोया में चल रहे एशियन गेम्स 2026 में भारत के खाते में एक और गोल्ड मेडल आ गया है। वर्ल्ड रैंकिंग में 8वें नंबर पर मौजूद भारतीय महिला हॉकी टीम ने फाइनल में वर्ल्ड रैंकिंग में चौथे नंबर पर मौजूद मौजूदा एशियाई चैंपियन चीन की टीम को 1-0 से हराकर 44 साल बाद सोना जीता। भारत ने एशियाई खेलों में इकलौता गोल्ड 1982 में दिल्ली में जीता था। तब महिला हॉकी को पहली बार इन गेम्स में शामिल किया गया था। उसके बाद से भारत 1998 और 2018 में फाइनल में पहुंचा। 1998 में दक्षिण कोरिया और 2018 में जापान से हार मिली। ऐसे में भारत को रजत पदक से संतोष करना पड़ा था।

लालरेम्सियामी ने किया गोल : इससे पहले सलीमा टेटे की कप्तानी वाली टीम ने सेमीफाइनल में साउथ कोरिया को 2-0 से मात देकर



निर्णायक मुकाबले में एंट्री की थी। भारत की ओर से पहले के वार्टर में इकलौता गोल 10वें मिनट में लालरेम्सियामी ने किया। इसके बाद पूरे मैच में कोई गोल नहीं हुआ। इस जीत से भारतीय महिला हॉकी टीम को ओलंपिक खेलों के लिए सीधा क्वालिफिकेशन भी मिल गया है। टोक्यो ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने के बावजूद भारतीय टीम पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाई थी।

पहला क्वार्टर : मैच के शुरुआती 15 मिनट का खेल खत्म होने तक भारतीय महिला हॉकी टीम ने 1-0 की बढ़त बना ली थी। हालांकि पहले क्वार्टर में चीनी टीम का गेंद पर अधिक नियंत्रण रहा, लेकिन 10वें मिनट में लालरेम्सियामी ने पासा पलट दिया। साक्षी के एक सटीक पास को लालरेम्सियामी ने जोरदार रिवर्स हिट के जरिए सीधे नेट के ऊपरी हिस्से में पहुंचाकर भारत का खाता खोला।

दूसरा क्वार्टर: दूसरा क्वार्टर गोलरहित रहा। हाफ-टाइम तक स्कोर 1-0 ही रहा। इस दौरान चीन को मैच में वापसी करने का एक सुनहरा मौका पेनल्टी स्ट्रोक के रूप में मिला था, लेकिन गोलकीपर सविता ने एक बेहतरीन बचाव करते हुए टीम पर आया संकट टाल दिया।

तीसरा और चौथा क्वार्टर: फाइनल मुकाबले के तीसरे क्वार्टर में भी कोई गोल नहीं हो सका। 45 मिनट के खेल के बाद स्कोरलाइन भारत के पक्ष में 1-0 ही रही। इस क्वार्टर के आखिरी दो मिनटों में भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार खेल दिखाया। एक छोर से दूसरे छोर तक तेज पासिंग के जरिए टीम ने गेंद पर अपना नियंत्रण बनाए रखा। चौथे के वार्टर में भी कोई गोल नहीं हुआ और भारत ने इतिहास रच दिया।

टूर्नामेंट में सर्वाधिक गोल
दीपिका (भारत): 21 गोल
नवनीत कौर (भारत): 10 गोल
जियाकी झोंग (चीन): 9 गोल

सीईसी के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान दिल्ली में हिरासत में लिए गए 'आप' नेता



डेली आवाज भारती

नई दिल्ली। दिल्ली के जंतर-मंतर पर शुक्रवार को प्रदर्शन के दौरान हिरासत में लिए गए आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कहा कि वे पुलिस से डरने वाले नहीं हैं। प्रदर्शनकारी मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग कर रहे थे। हिरासत में लेने के बाद उन्हें दक्षिण दिल्ली के फतेहपुर बेरी थाने ले जाया गया। आयोग के भीतर मतभेद होने का दावा करने वाली एक मीडिया रिपोर्ट सामने आने के बाद सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विपक्ष के 'वोट चोरी के आरोपों ने जोर पकड़ लिया है। आतिशी ने कहा, 'वोट चोरी को लेकर ज्ञानेश कुमार के खिलाफ कोई एफआईआर दर्ज नहीं हो रही है, लेकिन उनके इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन करने वालों को जबरन उठाकर पुलिस थानों में ले जाया जा रहा है। लेकिन हम पुलिस से डरने वाले नहीं हैं। लोकतंत्र की लड़ाई जारी रहेगी।'

कहा, दिल्ली पुलिस ने फिर बर्बरता की

सीजेपी नेता सौरव दास की दिल्ली पुलिस को धमकी

सुधर जाएं, वरना हम सुधार देंगे...

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली। सीजेपी नेता सौरव दास ने मुंबई में प्रदर्शन के दौरान कहा कि दिल्ली पुलिस ने फिर बर्बरता की, सुधर जाएं, वरना हम सुधार देंगे।

बता दें कि मुंबई के शिवाजी पार्क में शुक्रवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को निशाना बनाते हुए व्यंग्यात्मक मीम और फिल्मों के संवाद वाली तख्तियां लेकर 'कॉकरोच जनता पार्टी' के प्रदर्शन में बड़ी संख्या में युवा प्रदर्शनकारी पहुंचे। शिवाजी पार्क में पुलिस द्वारा बड़ी संख्या में लगाए गए बैरिकेड और तेज गर्मी भी प्रदर्शनकारियों के उत्साह को कम नहीं कर सकी। शिवाजी पार्क के निवासियों के विरोध और दादर स्टेशन तक भारी सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद प्रदर्शनकारी क्रांतिकारी



नारों, गांधी के उद्धरणों और कुमार के तत्काल इस्तीफे की मांग वाले पोस्टर थामे नजर आये। तिरंगे के साथ 'ज्ञानू, तुझा डेमोक्रेसी वर भरोसा नाय के?', 'ज्ञानेश ब्रो, जस्ट रिजाइन' और 'गद्दार ज्ञानू मस्ट गो' जैसे नारे लिखे पोस्टर लिए स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) समेत विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में युवा इलाके में जुटे। प्रदर्शनकारियों ने अपनी मांगों को उठाने करने के लिए अनोखे तरीके भी अपनाए। सायन के छात्र मनीष मंडल ने 'मेलोडी' चॉकलेट के रैपर से बने आभूषण पहन रखे थे और 'फ्रॉड डिटर्जेंट पाउडर' लिखा बैनर थाम रखा था। पुणे से आए एआईएसएफ से जुड़े समूहों ने पार्क की बाहरी सीमा के पास वाद्य यंत्र बजाते हुए 'चले जाओ' 'वापस दो' और 'बंद करो' के नारे लगाकर प्रदर्शन में जोश भर दिया। महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर आयोजित इस प्रदर्शन के मंच पर अहिंसा और सादगी से जुड़े उद्धरणों के साथ बाबासाहेब आंबेडकर को श्रद्धांजलि देने वाले संदेश भी प्रदर्शित किए गए।

शायद पायलट ने तय किया कि 'राजा' को लैंड कराने का वक्त आ गया, पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफे के बाद बोले वडिंग

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। पंजाब कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग ने शुक्रवार को कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व के साथ अपनी मुलाकात को लेकर कहा कि उन्होंने पार्टी नेता राहुल गांधी से पंजाब से जुड़े सवालों पर चर्चा की और अपने विचार साझा किए। राहुल गांधी से मुलाकात के बाद वड़िंग अपनी पत्नी के साथ दिल्ली स्थित गुरुद्वारा बंगला साहिब पहुंचे और अरदास की। वडिंग ने राहुल गांधी को पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष पद से अपना इस्तीफा औपचारिक रूप से सौंप दिया है। वडिंग ने बृहस्पतिवार को अपने 'एक्स' प्रोफाइल के बायो में खुद को 'पूर्व पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष' बताया था। इसके बाद उनके पद से हटने को लेकर चर्चाएं तेज हो गई थीं। वडिंग ने कहा कि उन्होंने राहुल गांधी के सवालों का जवाब दिया और पंजाब को लेकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने उनसे काफी स्नेह से बात



की। उन्होंने कहा कि इसके बाद वह और उनकी पत्नी सीधे गुरुद्वारा बंगला साहिब अरदास करने पहुंचे। अपने राजनीतिक कार्यकाल को लेकर वडिंग ने कहा कि कार्यकाल लंबा हो या छोटा, ऐसा होना चाहिए जिसे लोग याद रखें। उन्होंने कहा कि मंत्री के तौर पर उनका कार्यकाल भी ऐसा ही रहा और उन्हें जो कुछ मिला, उसके लिए वह आभारी हैं। वडिंग ने कहा कि पंजाब कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर करीब साढ़े चार साल के कार्यकाल के बाद वह संतुष्ट हैं। उन्होंने कहा कि अब जो भी होगा, अच्छे के लिए होगा। उन्होंने कहा, पार्टी ने जो कुछ दिया, मैंने उसे खुशी से स्वीकार किया और पार्टी के आदेश का पालन किया। सचिन पायलट को लेकर क्या बोले वडिंग? पंजाब कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट के साथ अपने संबंधों को लेकर वड़िंग ने कहा कि जब पायलट को पंजाब का प्रभारी बनाया गया था, तब वह औपचारिक रूप से उन्हें बधाई देने गए थे। उन्होंने बताया कि उस दिन दोनों के बीच करीब 15 मिनट बातचीत हुई थी।

'राहुल गांधी को जो कहना था, कह दिया'

वडिंग ने कहा कि उन्होंने राहुल गांधी के सामने अपनी बात रख दी है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के बाद ऐसा कोई व्यक्ति नहीं है, जिसके सामने वह यह बता सकें कि पंजाब में क्या होना चाहिए और क्या नहीं होना चाहिए। पंजाब कांग्रेस में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर पिछले कुछ समय से चर्चा चल रही थी। कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व ने सितंबर में सचिन पायलट को पंजाब का प्रभारी बनाया था। इसके बाद पायलट ने राज्य के नेताओं और सांसदों से बातचीत कर संगठन को लेकर फीडबैक लिया था। वडिंग ने एक अक्टूबर को सोशल मीडिया प्रोफाइल में खुद को 'Former Punjab Congress President' बताया था। इसके बाद उनके प्रदेश अध्यक्ष पद से हटने की पुष्टि की खबरें सामने आईं।

एक आदमी आपका भाग्य बदल सकता, इसीलिए 'विकास पुरूष' को ही चुनें: सरदार सुखबीर सिंह बादल ने पटियाला में 'वाइब पंजाब दी' कार्यक्रम में छात्रों से आग्रह किया

- **पंजाब, विकास, परिवार और खान-पान के बारे युवाओं के साथ दिल खोलकर बातचीत का आनंद लिया**

डेली आवाज भारती

पटियाला। शिरोमणी अकाली दल के अध्यक्ष सरदार सुखबीर सिंह बादल ने आज कहा है कि एक व्यक्ति राज्य की किस्मत बदल सकता है और कहा कि वह एक 'विकास पुरूष'' हैं जो पंजाबियों के जीवन में असली बदलाव ला सकते हैं। यहां खालसा कॉलेज में आयोजित 'वाइब पंजाब दी' कार्यक्रम



के नौजवानों के साथ तालमेल बिठाते हुए 'बाई सुखबीर' ने सभी सवालों के सहजता से जवाब दिए और उनसे 2027 में राज्य की अगुवाई करने वाले व्यक्ति का चुनाव करते समय सभी फैसला लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा,'' कांग्रेस के कैप्टन अमरिंदर और चरणजीत चन्नी और आम आदमी पार्टी के भगवंत मान के लगातार गलत फैसलों के कारण पंजाब को बहुत नुकसान हुआ है। पंजाब को विकास, बुनियादी ढांचे के निर्माण और आधुनिकीकरण के लिए समर्पित व्यक्ति की जरूरत है-जो सभी मेरे व्यक्तित्व की विशेषता है।'' उन्होंने मजाक मे यह भी बताया कि उनके पास दो अन्य विकल्प हैं-चन्नी, जिनकी प्रसिद्धि बकरियों का दूध निकाल सकते हैं और दूसरा भगवंत मान जो अंधेरे में भी टायर का पंचर ठीक कर सकते हैं। यह कहते हुए कि शिरोमणी अकाली दल ने 2007 से 2017 तक सत्ता में अपने दस साल के कार्यकाल में क्रांतिकारी बदलाव लाए। उन्होंने कहा,'' हर जिले को चार लेन की से कों से जो ा गया। नए थर्मल प्लांट स्थापित किए गए। एम्स, आईआईटी, आईआईएसईआर, एनआईपीईआर और आईएसबी जैसे संस्थानों को पंजाब में लाया गया। राज्य का कर्जा जीएसडीपी अनुपात 46 फीसदी से घटकर 32 फीसदी हो गया था और वैट संग्रह 5000 करो रूपये प्रति सालाना से बे कर 20हजार करो रूपये प्रति वर्ष हो गया था।'' छात्रों के एक सवाल का जवाब देते हुए सरदार बादल ने कहा कि यह सब इसीलिए हुआ क्योंकि पूर्ववर्ती अकाली दल सरकार ने बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के निर्माण के लिए अच्छा कर्ज लिया था। उन्होंने कहा,'' मौजूदा सरकार अकेले विज्ञापनों पर 6000 करो रूपये खर्च करने के लिए कर्जा ले रही है।''

तरनतारन में 2 पाक घुसपैठिए ढेर, वार्निंग देने के बावजूद नहीं माने तो हुई जवाबी कार्रवाई, तीसरा सीमा पार भागा

यह घटना बीओपी राजोके इलाके में देर रात करीब 12.30 बजे हुई

डेली आवाज भारती

तरनतारन। तरनतारन में BSF ने 2 पाकिस्तानी घुसपैठियों को ढेर कर दिया। ये दोनों खालरा पुलिस स्टेशन इलाके के राजोके गांव के पास भारतीय सीमा में घुसने की कोशिश कर रहे थे। BSF ने उन्हें चेतावनी दी, लेकिन उन्होंने घुसपैठ की कोशिश बंद नहीं की। जिसके बाद बीएसएफ के जवानों ने फायरिंग कर दी। जिसमें दोनों की मौत हो गई। हालांकि उनके बारे में अभी बीएसएफ की तरफ से औपचारिक जानकारी जारी नहीं की गई है।



एक घुसपैठिया वापस पाकिस्तान भागा

मरने वाले दोनों पाकिस्तान के नागरिक हैं। यह घटना BOP राजोके इलाके में गुरुवार देर रात करीब 12.30 बजे हुई। सुरक्षा एजेंसियों ने सीमावर्ती क्षेत्रों में अलर्ट जारी कर दिया है। क्रास्स के मुताबिक, फायरिंग के दौरान एक और घुसपैठिया जो भारत में घुसने की कोशिश में था वो भाग निकला। पहले वो भी सीमा में घुस चुका था, लेकिन जवानों की फायरिंग से घबराकर वो वापस भाग गया।

जालंधर में हाईवे पर दर्दनाक सड़क हादसा, बेकाबू टिप्पर ने बाइक सवार डॉक्टर को कुचला; मौके पर ही मौत

- **कंट्रोल रूम से हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची**

डेली आवाज भारती

जालंधर/जतिनः लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के समीप जालंधर हाईवे पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में घुटने और कूल्हे के विशेषज्ञ डॉक्टर की जान चली गई, जबकि उनका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। ACP बलवंत सिंह ने बताया कि कंट्रोल रूम से हादसे की सूचना



मिलते ही पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है और घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक की पहचान डॉक्टर मनीष के रूप में हुई है, जबकि घायल साथी दीपक बताया जा रहा है। हादसा उस वक्त हुआ जब देर रात एक मरीज की ड्रेसिंग (पट्टी) कर वापस लौट रहे दो बाइक सवार युवकों को तेज रफ्तार टिप्पर ने अपनी चपेट में ले लिया।

दर्दनाक हादसे में घायल हुए दीपक ने आपबीती सुनाते हुए बताया कि वे दोनों LPU के पास एक पेशेंट के घर से लौट रहे थे और फ्लाईओवर से नीचे उतर रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रहे एक बेहद तेज रफ्तार टिपर चालक ने पहले हल्की साइड दी और फिर अचानक बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद टिपर दोनों को कई मीटर तक घसीटता चला गया।

ड्राइवर की ब्रेक लगाने तक की हिम्मत ना हुई

दीपक के मुताबिक, ट्रक चालक भारी नशे में था और हादसे के बाद उससे ब्रेक लगाने तक की हिम्मत नहीं हुई। दीपक ने सूझबूझ और हिम्मत दिखाते हुए ट्रक के नीचे की ट्यूबों को पकड़ लिया और बीच में टिक गए, जिससे उनकी जान बच गई, जबकि घबराहट के कारण मनीष बाइक से गिरकर टिप्पर के टायरों के नीचे आ गया। पुलिस ने आरोपी ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है।

एलपीयू हिंसा में फाइटर जेट पर चढ़ने वाला शख्स अरेस्ट

चांसलर बोले- सेना का अपमान, अबतक 5 आरोपी पकड़े

डेली आवाज भारती

जालंधर/जतिनः लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में हुई हिंसा के दौरान फाइटर जेट पर चढ़ने वाले युवक की पहचान हो गई है। पुलिस ने CCTV फुटेज की मदद से पहचान कर उसे हिमाचल के मंडी जिले से गिरफ्तार किया है। यूनिवर्सिटी के चांसलर और BJP राज्यसभा सांसद अशोक मित्तल ने इस घटना पर नाराजगी जताई है। कैंपस के बाहर मिग-23 फाइटर जेट और 1971 की जंग में इस्तेमाल टैंक सेना का सम्मान बढ़ाने और युवाओं को प्रेरित करने के लिए हैं। इनके ऊपर चढ़कर सेना की बेइज्जती की गई है। पुलिस कुछ अन्य लोगों से भी पूछताछ कर रही है। मामले में आगे की जांच जारी है। आरोपी नाबालिग है और LPU का ही छात्र है। वह हिमाचल के मंडी जिले का रहने वाला है। उसके पिता मंडी के DC ऑफिस में अधिकारी के पद पर तैनात हैं।



हिंसा के दौरान आरोपी की फाइटर जेट पर खड़े होने की तस्वीर सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुई थी। तस्वीर में पीछे आग लगी दिखाई दे रही थी और युवक को सोशल मीडिया पर हीरो की तरह पेश किया गया।

एलपीयू हिंसा मामले में अब तक 5 गिरफ्तार

पुलिस ने हिंसा के मामले में अब तक 4 केस दर्ज किए हैं। इनमें हाईवे जाम करने, पुलिस की गाड़ी जलाने और यूनिवर्सिटी में तोड़फोड़ करने से जुड़े मामले शामिल हैं। पुलिस अब तक 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। गिरफ्तार आरोपियों में सोनीपत निवासी जेम्स दहिया, फगवाड़ा निवासी गगनदीप उर्फ कोठा, जसमीत कुमार, जम्मू के डोडा निवासी साहिल और फाइटर जेट पर चढ़ने वाला नाबालिग शामिल है।

CMYK

page 2_Layout 1 02-10-2026 20:40 Page 1

हरियाणा लोक भवन में गांधी जयंती पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा, राज्यपाल ने दी श्रद्धांजलि

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। हरियाणा लोक भवन में आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती श्रद्धा एवं गरिमा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष तथा प्रथम महिला मित्रा घोष ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को उनकी जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर लोक भवन में सर्व-धर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। सभा में रामधुन का गायन किया गया तथा महात्मा गांधी के प्रिय भजनों की प्रस्तुति दी गई। प्रार्थना सभा में हिंदू, मुस्लिम, ईसाई और सिख धर्मों के धर्मगुरुओं ने अपने प्रवचनों एवं भजनों के माध्यम से शांति, आपसी भाईचारे, सांप्रदायिक सद्भाव, राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश दिया। इस अवसर पर महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के आदर्शों, सादगी तथा राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण को नमन करते हुए देश के निर्माण में उनके अमूल्य योगदान को स्मरण किया गया।

इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक अजय सिंघल, अतिरिक्त मुख्य सचिव, सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय विभाग, जी. अनुपमा, आयुक्त एवं सचिव, वित्त विभाग, सी.जी. रजनी कांतन, आयुक्त एवं सचिव, सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग, के.एम. पांडुरंग, राज्यपाल के सचिव विजयकुमार भाविकट्टी, राज्यपाल के एडीसी धीरज कुमार सेतिया तथा हरियाणा पुलिस शिकायत प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ. आर.सी. मिश्रा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

अमित शाह जो कहते हैं, उसे पूरा करते हैं; पंजाब से खत्म होगा नशा : सतीश पुनिया

डेली आवाज भारती




चंडीगढ़। भाजपा के वरिष्ठ नेता सतीश पुनिया ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के उस बयान का समर्थन किया है, जिसमें उन्होंने कहा है कि आगामी विधानसभा चुनाव भाजपा 'नशामुक्त पंजाब' के मुख्य मुद्दे पर लड़ेगी। सतीश पुनिया ने कहा कि अमित शाह जो कहते हैं, उसे पूरा करते हैं। चंडीगढ़ में आईएएनएस से बातचीत में सतीश पुनिया ने कहा कि पंजाब में अगला चुनाव ड्रग्स के खिलाफ लड़ा जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मजबूती से कहा है कि 31 दिसंबर 2029 तक न सिर्फ पंजाब से बल्कि पूरे देश से ड्रग्स को पूरी तरह खत्म कर दिया जाएगा। पंजाब के लोग इस बात पर भरोसा कर रहे हैं क्योंकि अमित शाह ने पहले भी ऐसा किया है। उन्होंने नक्सलवाद को खत्म किया और अनुच्छेद 370 को हटाया। उन्होंने देश के कुछ सबसे मुश्किल मुद्दों को हल किया है और वे ड्रग्स को खत्म करने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं। पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष पद को लेकर चल रही खींचतान पर सतीश पुनिया ने कहा कि कांग्रेस धीरे-धीरे एक क्षेत्रीय पार्टी बन गई है और लोगों का उस पर से भरोसा उठ गया है। जिन राज्यों में उसकी सरकारें थीं, वहां वह दूसरे नंबर की पार्टी बनकर रह गई है। वह उन राज्यों में भी आपस में लड़ रही है, जहां वह सत्ता में है और जहां सत्ता में नहीं है, वहां भी आपसी टकराव है। मेरा मानना है कि पार्टी के अंदरूनी झगड़ों और गुटबाजी की वजह से कांग्रेस के लिए कोई जगह नहीं बचेगी। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह के बयान पर कहा कि वे हमारे साथ जुड़े और उनके आने से पार्टी को मजबूती मिली। हर कोई अब भी उनका सम्मान करता है और मैंने भी उनसे बात की है। मेरा मानना है कि वे हमारे लिए एक अहम व्यक्ति हैं और हम उनके मार्गदर्शन में काम करेंगे। मुझे नहीं लगता कि उन्हें कोई निजी नाराजगी है। उन्होंने साफ कर दिया है कि वे कहीं नहीं जा रहे हैं, यानी वे विचारधारा से जुड़े रहेंगे। उन्होंने कैप्टन स्मित मच्छार की तारीफ की। उन्होंने कहा कि बड़े खतरे के सामने और गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद भी अपनी हिम्मत और सूझबूझ से उन्होंने सैकड़ों जिंदगियां बचाने का काम किया है, ऐसे जज्बे को शब्दों में बयां करना मुश्किल है। कैप्टन स्मित मच्छार वाकई आप असली हीरो हैं। आप जल्द स्वस्थ हों, यही प्रार्थना है। हरियाणा में पूर्व प्रभारी सतीश पुनिया ने विदाई समारोह में कहा कि मुझे हरियाणा में काम करने में मजा आया और मैंने अच्छे नतीजे दिए। मैं खुशकिस्मत था कि उस जीतने वाली टीम का हिस्सा बन सका। हरियाणा के लोगों, नेताओं और पार्टी कार्यकर्ताओं ने राज्य की तरक्की के लिए काम किया। भाजपा ने तीसरी बार सरकार बनाई और नायब सैनी के नेतृत्व में एक अच्छी सरकार काम कर रही है।

हरियाणा में एसआईआर के तहत 3.77 लाख नए वोटर आवेदन

6 नवंबर को आएगी अंतिम मतदाता सूची

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। हरियाणा की अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में एसआईआर प्रक्रिया के तहत नए वोटर रजिस्ट्रेशन के लिए 3,77,987 आवेदन मिले हैं। एसआईआर ड्राफ्ट रोल पर दावे और आपत्तियां दाखिल करने की आखिरी तारीख 30 सितंबर थी।

इनका निपटारा 28 अक्टूबर तक होगा और अंतिम मतदाता सूची 6 नवंबर को जारी की जाएगी। उन्होंने बताया कि फॉर्म-6 के तहत 377987 प्रपत्रों में सबसे ज्यादा आवेदन गुरुग्राम जिले से 39985, फरीदाबाद से 33463, हिसार से 22001 नए वोटर्स के आवेदन प्राप्त हुए। वहीं सबसे कम चरखी दादरी जिले से 7095, पंचकूला से 8786, नूहं से 9087 फॉर्म 6 के प्रपत्र दाखिल किए गए। फॉर्म-7 के तहत 40162 प्रपत्र दाखिल किए गए हैं। पानीपत से सबसे ज्यादा 3600, हिसार से 2790 व सिरसा से 2539 ने नाम हटाने के लिए आवेदन किया है। जबकि फॉर्म 8 के तहत 214693 प्रपत्र दाखिल किए गए हैं। इसका इस्तेमाल मतदाता सूची में जानकारी सुधारने, पता बदलने और वोटर पहचान पत्र बदलने के लिए होता है। कुरुक्षेत्र जिले में फॉर्म-8 के सबसे ज्यादा 14347 आवेदन आए। इसके बाद गुरुग्राम जिले में 13767 और जींद जिले में 13513 आवेदन दर्ज किए गए। वहीं, अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मैपिंग में गलत जानकारी देने पर 44,91,691 नोटिस जारी किए गए थे। जिनमें से 40,56,716 की सुनवाई हो चुकी है। अभी भी 4,34,975 सुनवाई होना बाकी है। सबसे ज्यादा पेंडेंसी फरीदाबाद, करनाल और हिसार जिले की है।

उन्होंने सभी ईआरओ को सख्त निर्देश दिए हैं कि समय रहते सभी पेंडिंग सुनवाई का निस्तारण किया जाए और कोई भी आदेश पारित करते समय भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पूरी तरह और कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं से अपील की है कि नोटिस मिलने पर घबराने की आवश्यकता नहीं है। जिस भी मतदाता को नोटिस मिला हुआ है वह संबंधित ईआरओ के पास जाकर सही दस्तावेजों के साथ जवाब प्रस्तुत करें और विसंगति को दूर करवाएं। आयोग के निर्देशानुसार अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में गुरुवार को सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ एक वीडियो कॉन्फ्रेंस भी आयोजित की गई, जिसमें निर्देश दिए गए कि जो मतदाता सुनवाई के दौरान अयोग्य पाए जाते हैं या जिनका फॉर्म-6 रद्द किया जाता है, उनकी दोबारा जांच की जाए। किसी भी मतदाता का नाम अनावश्यक कारण से हटाया नहीं जाएगा।

6 ग्राम हेरोइन के साथ पुलिस ने एक को गिरफ्तार किया

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): थाना गुरुहरसहाय की पुलिस ने उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना के अधार पर झावला रोड पर छापेमारी करके 1 व्यक्ति को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से हेरोइन बरामद की है। उक्त मामलें में पुलिस ने गिरफ्तार की व्यक्ति के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना गुरुहरसहाय की एस.आई अमनदीप कौर ने बताया कि उन्हें बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान सूचना मिली थी कि दोषी हेरोइन बेचने का आदि है और आज भी झावला रोड पर बंद पड़ शैलर के पास खड़ा अपने ग्राहकों का इंतजार कर रहा है। जिस पर पुलिस ने छापेमारी करके भोला पुत्र पप्पू वासी शरीह वाला बराड़ को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 6 ग्राम हेरोइन बरामद की है। मामले की जांच कर रही अमनदीप कौर ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में भोला पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

धान खरीद में पोर्टल की दिक्कतें दूर कर किसानों को राहत दे सरकार : सैलजा

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। सिरसा की सांसद एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश की मंडियों में धान की सरकारी खरीद शुरू होने के साथ ही किसानों को पोर्टल, फसल सत्यापन, गेट पास और नमी जैसी प्रक्रियागत समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कई मंडियों में पोर्टल पर मिसमैच के कारण किसानों के गेट पास नहीं कट पा रहे हैं और खरीद की गति प्रभावित हो रही है। सांसद ने कहा कि किसान पूरे साल मेहनत करके अपनी फसल मंडी में लेकर आता है, इसलिए सरकार की जिम्मेदारी है कि खरीद प्रक्रिया सरल, पारदर्शी और समयबद्ध हो। 'मेरी फसल-मेरा ब्यौरा' और ई-खरीद पोर्टल किसानों की सुविधा के लिए बनाए गए हैं, लेकिन तकनीकी खामियों और सत्यापन की जटिलताओं के कारण किसानों को मंडी और सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ें तो यह चिंता का विषय है। कुमारी सैलजा ने कहा कि हर खरीद सीजन में किसानों को पोर्टल और कागजी औपचारिकताओं के नाम पर परेशान करने के बजाय सरकार को पहले से व्यवस्था दुरुस्त करनी चाहिए।

डिजिटल व्यवस्था पारदर्शिता के लिए होनी चाहिए, किसान के लिए बाधा बनने के लिए नहीं। किसानों की फसल का सत्यापन शीघ्र पूरा कराकर गेट पास जारी किए जाएं तथा मंडियों में धान की खरीद, उठान और भुगतान में अनावश्यक देरी न हो। समय पर भुगतान सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी सांसद ने कहा कि कांग्रेस किसानों के हितों से जुड़े मुद्दों को लगातार उठाती रही है। किसान को अपनी फसल बेचने के लिए पोर्टल की तकनीकी दिक्कतों या सत्यापन की लंबी प्रक्रिया में नहीं उलझना चाहिए। सरकार को सरल प्रक्रिया, पर्याप्त खरीद व्यवस्था और समय पर भुगतान सुनिश्चित करना चाहिए।

बालाघाट के आदिवासी परिवारों को स्वास्थ्य, शिक्षा और उनके अधिकार मिलें : कुमारी सैलजा

सांसद सैलजा ने बालाघाट में आदिवासी परिवारों से जुड़े मुद्दों पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा उठाई गई चिंताओं के संदर्भ में कहा कि बीमारी और कुपोषण से बच्चों की मौतों की घटनाएं गंभीर चिंता का विषय हैं। राहुल गांधी ने बालाघाट में प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, वन अधिकार अधिनियम और मनरेगा से जुड़े मुद्दे उठाए थे।

जेई काउंसिल की उपलब्धियों को सदस्यों तक पहुंचाने और लंबित मांगों की पूर्ति के लिए जनरल काउंसिलों का ऐलान

डेली आवाज भारती



बटाला, (अमनदीप संधू): पावरकॉम के अधीन कार्यरत जूनियर इंजीनियरों की संस्था काउंसिल ऑफ जूनियर इंजीनियर्स (जेई काउंसिल) द्वारा जेई कैडर की समस्याओं और जायज मांगों के समाधान के लिए लगातार संघर्ष किया जा रहा है। पिछले कुछ वर्षों के दौरान जेई वर्ग के हित में हासिल की गई महत्वपूर्ण वित्तीय एवं सेवा संबंधी उपलब्धियों को कैडर तक पहुंचाने तथा लंबित मांगों की पूर्ति के लिए इंजीनियर साथियों को लामबंद करने के उद्देश्य से विभिन्न स्थानों पर जनरल काउंसिल आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। यह जानकारी जेई काउंसिल के बॉर्डर जोन अध्यक्ष इंजीनियर इकबाल सिंह और महासचिव इंजीनियर विमल कुमार ने संयुक्त प्रेस बयान के माध्यम से दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश कमेटी के फैसले के अनुसार आयोजित होने वाली जनरल काउंसिलों में जेई काउंसिल के गौरवमयी इतिहास, पिछले संघर्षों, हासिल उपलब्धियों तथा आगामी लक्ष्यों के बारे में सदस्यों को विस्तार से जानकारी दी जाएगी। इंजीनियर इकबाल सिंह ने बताया कि 16 अक्टूबर को गुरदासपुर तथा 2 अक्टूबर को तरनतारन-अमृतसर में जेई काउंसिल के सदस्यों की जनरल काउंसिल आयोजित की गई है। इन बैठकों में प्रदेश कमेटी और जनरल कमेटी के वरिष्ठ पदाधिकारी विशेष रूप से शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि इन काउंसिलों का मुख्य उद्देश्य जेई कैडर को संगठन की उपलब्धियों से अवगत करवाने के साथ-साथ शेष मांगों की पूर्ति के लिए एकजुट करना है। महासचिव इंजीनियर विमल कुमार ने कहा कि कुछ वर्ष पहले जूनियर इंजीनियरों को अपनी ड्यूटी के दौरान बेहद कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ता था, लेकिन जेई काउंसिल द्वारा किए गए लगातार संघर्षों के परिणामस्वरूप परिस्थितियों में काफी बदलाव आया है।

विकसित भारत के लिए स्वच्छता को दैनिक नागरिक जिम्मेदारी बनाना जरूरी : सतनाम सिंह संधू

सेक्टर-26 सब्जी मंडी में महेंद्र नाथ पांडे के नेतृत्व में सेवा संकल्प अभियान के तहत चलाया गया स्वच्छता अभियान

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़, (संदीप अकालगढ़िया) विकसित भारत का सपना लोगों के जीवन की गुणवत्ता से जुड़ा हुआ है। स्वच्छ गलियां, स्वस्थ बाजार और साफ-सुथरा वातावरण इस गुणवत्ता की बुनियाद हैं। स्वच्छता को सरकार द्वारा तैयार किए गए बुनियादी ढांचे के साथ-साथ प्रत्येक नागरिक की दैनिक भागीदारी से ही जीवनशैली का हिस्सा बनाया जा सकता है। यह बात राज्यसभा सदस्य सतनाम सिंह संधू ने कही। महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को समर्पित सेवा संकल्प अभियान के तहत सेक्टर-26 सब्जी मंडी, चंडीगढ़ में स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह अभियान भाजपा के चंडीगढ़ प्रभारी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडे के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस दौरान राज्यसभा सदस्य सतनाम सिंह संधू, चंडीगढ़ भाजपा अध्यक्ष जतिंदर पाल मल्होत्रा, पूर्व अध्यक्ष अरुण सूद, मेयर सौरभ जोशी सहित पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं और शहरवासियों ने भाग लिया। सतनाम सिंह संधू ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में स्वच्छ भारत मिशन केवल एक नारा बनकर नहीं रहा, बल्कि जनभागीदारी के माध्यम से एक व्यापक जन आंदोलन का रूप ले चुका है। सरकार की ओर से शौचालयों के निर्माण तथा गांवों और शहरों में स्वच्छता से संबंधित बुनियादी ढांचा तैयार करने की दिशा में कार्य किया गया है। अब इस ढांचे को साफ-सुथरे व्यवहार और नागरिक जिम्मेदारी के माध्यम से बनाए रखना सभी का साझा कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्रामीण भारत में 12.22 करोड़ से अधिक घरेलू शौचालयों का निर्माण किया गया है। देश के 5.69 लाख से अधिक गांव ओडीएफ प्लस श्रेणी तक पहुंच चुके हैं। इसके अलावा 5.38 लाख से अधिक गांवों में ठोस कचरा प्रबंधन तथा 5.65 लाख से अधिक गांवों में तरल कचरा प्रबंधन की व्यवस्था की गई है। शहरों में भी घर-घर कचरा एकत्र करने और कचरे को स्रोत पर ही अलग करने की व्यवस्था का विस्तार हुआ है। संधू ने कहा कि स्वच्छता विकसित भारत में प्रत्येक नागरिक के जीवन स्तर का महत्वपूर्ण हिस्सा है। सरकार सुविधाएं और बुनियादी ढांचा उपलब्ध करवा सकती है, लेकिन उन्हें स्वच्छ बनाए रखने के लिए नागरिकों की जागरूकता और भागीदारी जरूरी है। स्वच्छता किसी एक दिन का काम नहीं, बल्कि रोजमर्रा के जीवन की आदत बननी चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत पुराने कचरे के बड़े ढेरों को वैज्ञानिक तरीके से हटाने और उस भूमि को दोबारा उपयोग में लाने का काम भी आगे बढ़ाया गया है। केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय के अनुसार मई 2026 तक देशभर के 2,482 कचरा स्थलों पर जमा 26 करोड़ मीट्रिक टन पुराने कचरे में से 65 प्रतिशत की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी थी तथा लगभग 9,000 एकड़ भूमि को पुनः प्राप्त किया गया था। चंडीगढ़ के डड्डूमाजरा और दिल्ली के भलस्वा में भी पुराने कचरे की वैज्ञानिक प्रक्रिया का काम किया जा रहा है। दिल्ली के भलस्वा कचरा स्थल पर जुलाई 2026 तक 99.07 लाख मीट्रिक टन पुराने कचरे की प्रक्रिया की जा चुकी थी।

जीरा पुलिस ने व्यक्ति को जातिसूचक शब्द बोलने वाले दोषी पर दर्ज किया मामला

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना सिटी जीरा की पुलिस ने गांव कोट इसेखां निवासी व्यक्ति के खिलाफ 1 व्यक्ति को जातिसूचत शब्द बोलने के आरोप में विभिन्न धाराओं तहत शिकायतकर्ता के बयान पर मामला दर्ज किया है। मालूम हो कि उक्त कार्रवाई पुलिस ने हाईकोर्ट की तरफ से मिले निर्देशानुसार जांच कर एसएसपी की मंजूरी के पश्चात दोषी के खिलाफ की है। जानकारी देते हुए डीएसपी जसपाल सिंह जीरा ने बताया कि मान्नीय हाईकोर्ट की तरफ से रिट नंबर 46479-2026 में में शिकायतकर्ता दिलप्रीत सिंह पुत्र बलविन्द्र सिंह वासी घौड़ मुहल्ला कोट ईसेखां रोड जीरा को दोषी मुकेश बतरा पुत्र जय कुमार बतरा वासी कोर्ट इसेखां रोड जीरा ने जातिसूचक शब्द बोले है और अदालत की तरफ से जांच कर दोषी पर कार्रवाई करने संबंधी निर्देश दिए है। डीएसपी ने बताया कि उक्त आदेशों के पश्चात थाना प्रभारी ने जांच कर एसएसपी फिरोजपुर की मंजूरी के पश्चात दोषी मुकेश बतरा के खिलाफ दलजीत सिंह के बयान पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

नंबरदारों की मांगों को लेकर पंजाब नंबरदार यूनियन पदाधिकारियों ने की बैठक

डेली आवाज भारती



1गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): पंजाब नंबरदार यूनियन तहसील गुरुहरसहाय की एक अहम बैठक जिला अध्यक्ष मलकीत सिंह की अध्यक्षता में तहसील परिसर में हुई। इस मौके पर तहसील से संबंधित बड़ी संख्या में नंबरदारों ने शिरकत की और नंबरदारों को पेश आ रही विभिन्न समस्याओं और मांगों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान जिला अध्यक्ष मलकीत सिंह, तहसील अध्यक्ष खडे सिंह और महासचिव परमिंदर सिंह संधू सहित उपस्थित नंबरदार वरिंदर सिंह धवन, बलवंत सिंह जटाला, कुलदीप सिंह खंभा, परमजीत सिंह करकंदी, कुलवंत सिंह सिवाएके, रमनदीप सिंह मंडीवाल, हरप्रीत सिंह छांगाराय, गुरशरण सिंह हामद, कर्म सिंह चुग्गा, प्रीतम सिंह, बख्शीश सिंह लक्खोके बहराम, टहल सिंह लक्खोके बहराम, फुम्मन सिंह करीकला, तरसेम सिंह अल्फूके, गुरमीत सिंह हामद, जगदीश सिंह चक्क निधाना, गगनदीप सिंह चक्क महंतां और गुरनाम सिंह अलाही बख्श बोदलों ने कहा कि सरकार द्वारा नंबरदारों की लंबे समय से लटकती आ रही मांगों पर तुरंत ध्यान दिया जाना चाहिए। नंबरदारों ने मांग की कि किसी नंबरदार की मृत्यु के बाद उसके बेटे को नंबरदारी देने की प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर लागू किया जाए, इसके अलावा तहसील परिसर में नंबरदारों को बैठकें करने और बैठने के लिए प्राथमिकता के आधार पर एक कमरा मुहैया कराया जाए। उन्होंने मांग की कि नंबरदारों को दिया जाने वाला मानदेय हरियाणा सरकार द्वारा दिए जा रहे मानदेय के बराबर करके 5,000 रुपये प्रति माह किया जाए, इसके साथ ही जब भी कोई नंबरदार अपने गांव से संबंधित रजिस्ट्री करवाने के लिए तहसील में आता है तो उसके काम को प्राथमिकता के आधार पर करने की व्यवस्था की जाए। नंबरदारों ने यह भी मांग की कि किसी भी गांव की रजिस्ट्री नंबरदार की उपस्थिति में ही की जाए और सरपंच, पंच, पंचायत सदस्य या वकील की गवाही को नंबरदार की जगह प्राथमिकता ना दी जाए। उन्होंने कहा कि बाद में इंतकाल दर्ज करते समय नंबरदारों को इस कारण कई तरह की मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।

हिन्दी पखवाड़ा में एलआईसी कर्मचारियों ने जीते पुरस्कार

डेली आवाज भारती



भारतीय जीवन बीमा निगम, लुधियाना मंडल द्वारा राजभाषा हिन्दी के प्रचार-प्रसार और प्रशासनिक कार्यों में इसके उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हिन्दी पखवाड़ा हर्षोल्लास के साथ मनाया । दो सप्ताह तक चले हिन्दी पखवाडा के दौरान एलआईसी ने अपने अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच राजभाषा के प्रति जागरूकता और उत्साह पैदा करने के लिए निम्नलिखित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

1. **निबंध प्रतियोगिता**
2. **नोटिंग एंड ड्राफ्टिंग प्रतियोगिता**
3. **चित्र लेखन प्रतियोगिता**
4. **स्मरण शक्ति प्रतियोगिता**
5. **सुंदर हस्ताक्षर प्रतियोगिता**

उपरोक्त प्रतियोगिताओं में लुधियाना मंडल कार्यालय एवं इसके अधीन सभी 13 शाखाओं के कर्मचारियों व अधिकारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पखवाड़े के समापन समारोह के अवसर पर वरिष्ठ मंडल प्रबंधक, श्री भँवर लाल सुथार ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हिन्दी न केवल हमारी राजभाषा है बल्कि यह देश को एकता के सूत्र में पिरोने वाली एक सशक्त भाषा भी है। जन-मानस से जुड़ी बीमा सेवाओं को सरल भाषा में ग्राहकों तक पहुंचाना एलआईसी की प्राथमिकता रही है और इसमें हिन्दी की अहम भूमिका है। हिन्दी पखवाड़ा के समापन समारोह के में विभिन्न आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित करते हुए वरिष्ठ मंडल प्रबंधक ने उपस्थित कर्मचारियों व अधिकारियों का आह्वान किया कि हमें हमारे पॉलिसीधारकों को बेहतर से बेहतर सेवा प्रदान करनी है जिसमें वार्तालाप की कड़ी हिन्दी होनी चाहिए। वरिष्ठ मंडल प्रबंधक श्री भँवर लाल सुथार ने हिन्दी पखवाड़ा के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को हिन्दी पखवाड़ा के समापन समारोह में पुरस्कृत किया।

निबंध प्रतियोगिता के विजेता:

1. प्रथम पुरस्कार : शैलेश कुमार अस्थाना
2. द्वितीय पुरस्कारः आशीष कुमार
3. तृतीय पुरस्कारः रितु अबान
4. सांत्वना पुरस्कारः मोनिका

नोटिंग एंड ड्राफ्टिंग प्रतियोगिता के विजेताः

1. प्रथम पुरस्कार : अतुल कुमार कौशल
2. द्वितीय पुरस्कारः मंजूँ शर्मा
3. तृतीय पुरस्कारः हरप्रीत अरोड़ा
4. सांत्वना पुरस्कारः प्रियंका कुमारी

चित्र कथा लेखन प्रतियोगिता :

1. प्रथम पुरस्कार : चाहत
2. द्वितीय पुरस्कारः प्रमिंदर
3. तृतीय पुरस्कारः मान सिंह
4. सांत्वना पुरस्कारः पूजा

स्मरण शक्ति प्रतियोगिताः

1. प्रथम पुरस्कार : साक्षी
2. द्वितीय पुरस्कारः मोना अग्रवाल
3. तृतीय पुरस्कारः सुषमा गोयल
4. सांत्वना पुरस्कारः रितू अबान

सुंदर हस्ताक्षर प्रतियोगिता

1. प्रथम पुरस्कारः जे.के. रैना
2. द्वितीय पुरस्कारः रोहित रंजन
3. तृतीय पुरस्कारः रवीन्दर सिंह

page 3_Layout 1 02-10-2026 20:41 Page 1

डेली आवाज पंजाब

बरनाला, संगरूर ❯❯ शनिवार, 3 अक्तूबर 2026

गुरु रविदास महाराज जी का समानता और सर्व-साझीवाला का संदेश घर-घर पहुंचाने के लिए पंजाब सरकार प्रतिबद्धः हरपाल सिंह चीमा

दिड़बा की अनाज मंडी में ड्रोन शो ने आसमान पर साकार किया गुरु साहिब का जीवन–दर्शन

डेली आवाज भारती





दिड़बा/संगरूर। श्री गुरु रविदास महाराज जी के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत पंजाब सरकार द्वारा आज दिड़बा की अनाज मंडी में गुरु साहिब के जीवन और शिक्षाओं पर आधारित ड्रोन शो करवाया गया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री हरपाल सिंह चीमा संगत के रूप में शामिल हुए। ड्रोन के माध्यम से आसमान में उकेरी गई रोशन आकृतियों ने गुरु साहिब की बाणी, जीवन-दर्शन और सर्व-साझीवाला के संदेश को साकार करते हुए आधुनिक तकनीक और आध्यात्मिक विरासत का सुंदर मेल प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार श्री गुरु रविदास महाराज जी की शिक्षाओं को घर-घर पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि गुरु साहिब ने मानवता को समानता, प्रेम, मेहनत और आपसी भाईचारे का मार्ग दिखाया। उनकी बाणी जात-पात और सामाजिक भेदभाव से ऊपर उठकर प्रत्येक इंसान के मान-सम्मान की रक्षा करने की प्रेरणा देती है।

हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि गुरु साहिब द्वारा दर्शाया गया 'बेगमपुरा' का संकल्प ऐसे समाज के निर्माण के लिए मार्गदर्शन करता है, जहां प्रत्येक व्यक्ति बिना किसी डर, भेदभाव या सामाजिक बंधन के सम्मान के साथ जीवन व्यतीत कर सके। उन्होंने कहा कि इन शिक्षाओं को अपने दैनिक जीवन में अपनाना और आपसी भाईचारे को मजबूत करना गुरु साहिब के प्रति सच्ची श्रद्धा की अभिव्यक्ति है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि ड्रोन शो जैसी अनूठी प्रस्तुतियां नई पीढ़ी को महान आध्यात्मिक विरासत से जोड़ने का प्रभावशाली माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि आसमान में उभरती रोशन आकृतियों के माध्यम से गुरु साहिब के जीवन और विचारधारा की प्रस्तुति बच्चों और युवाओं में उनकी बाणी एवं शिक्षाओं के बारे में जानने की रुचि बढ़ाती है। उन्होंने कहा कि पंजाब की धरती साझीवाला, सेवा और भाईचारे की एकता का प्रतीक है। पंजाब सरकार द्वारा करवाए जा रहे इन कार्यक्रमों का उद्देश्य इस विरासत को संरक्षित करना और मानवता के प्रति प्रेम तथा समानता के गुरु साहिब के संदेश को जनचेतना का हिस्सा बनाना है। हरपाल सिंह चीमा ने संगत से अपील की कि वे गुरु साहिब की शिक्षाओं से प्रेरणा लेते हुए समाज में आपसी सम्मान, सहयोग और सद्भावना को और मजबूत करें। उन्होंने कहा कि हर इंसान को समान सम्मान देना, जरूरतमंदों की मदद करना और सामाजिक भेदभाव को दूर करने के लिए प्रयास करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।

तीन उत्तराखंड निवासियों समेत चार व्यक्ति गिरफ्तार, सात आधुनिक पिस्तौल बरामद

- दुबई और अमेरिका स्थित हैंडलरों के संपर्क में थे गिरफ्तार आरोपी : डीजीपी गौरव यादव

डेली आवाज भारती



बटाला, कलानौर, डेरा बाबा नानक (अमनदीप संधू): मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर पंजाब को सुरक्षित राज्य बनाने के लिए चलाई जा रही मुहिम के दौरान बड़ी सफलता हासिल करते हुए गुरदासपुर पुलिस ने अंतरराज्यीय हथियार तस्करी करने वाले रैकेट का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने चार व्यक्तियों, जिनमें तीन उत्तराखंड के रहने वाले हैं, को सात आधुनिक पिस्तौलों समेत गिरफ्तार किया है। यह जानकारी डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने आज यहां दी। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान लवप्रीत सिंह (26), लवप्रीत सिंह (25) और जशनदीप सिंह (25), सभी निवासी सितारगंज, ऊधम सिंह नगर, उत्तराखंड तथा हरजिंदर सिंह (23), निवासी लखन कलां, कलानौर, गुरदासपुर के रूप में हुई है। बरामद किए गए हथियारों में एक ग्लॉक पिस्तौल, जो ऑस्ट्रिया में निर्मित है, चार .30 बोर पिस्तौल, जो चीन में निर्मित हैं तथा दो .30 बोर पिस्तौल समेत आठ मैगजीन शामिल हैं। हथियार बरामद करने के अलावा पुलिस टीमों ने उनकी सिल्वर मारुति स्विफ्ट कार (यूके 16 सी 0040) भी जब्त कर ली है, जिसका इस्तेमाल कथित तौर पर आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने के लिए किया जा रहा था। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि गिरफ्तार आरोपियों के दुबई और अमेरिका स्थित हैंडलरों के साथ संबंध थे। पुलिस के अनुसार, इन हैंडलरों द्वारा आरोपियों को अवैध हथियार हासिल करने का काम सौंपा गया था। ऑपरेशन के बारे में जानकारी साझा करते हुए इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (आईजीपी) बॉर्डर रेंज गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने कहा कि गुरदासपुर पुलिस को पुख्ता सूचना मिली थी कि लवप्रीत सिंह, लवप्रीत सिंह, जशनदीप सिंह और हरजिंदर सिंह नामक संदिग्धों ने हथियारों की एक खेप हासिल की है, जिसे वे आगे सप्लाई करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि तेजी से कार्रवाई करते हुए पुलिस टीमों ने नाकाबंदी की और अपनी कार में जा रहे चारों आरोपियों को सात अवैध पिस्तौल और आठ मैगजीन समेत गिरफ्तार कर लिया।

मिलावटखोरों के खिलाफ कार्रवाई करने वाले अधिकारी को निलंबित करना जनता के सवालों को जन्म देता : ढिल्लों

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): फूड सेफ्टी अफसर अभिनव खोसला के निलंबन की खबर के बाद भारतीय जनता युवा मोर्चा ने सरकार से इस मामले पर स्पष्ट जवाब मांगा है। मालूम हो कि अभिनव खोसला द्वारा फिरोजपुर में दूध, पनीर, मिठाई, घी और अन्य खाद्य पदार्थों की जांच के संबंध में कई कार्रवाईयां सामने आई हैं। भारतीय जनता युवा मोर्चा फिरोजपुर के जिला अध्यक्ष राजनबीर सिंह ढिल्लों ने कहा कि लोगों के स्वास्थ्य से जुड़े मामले में अचानक हुए निलंबन के बारे में सरकार को पूरी पारदर्शिता के साथ जानकारी देनी चाहिए। राजनबीर सिंह ढिल्लों ने कहा कि अगर अभिनव खोसला ने अपनी ड्यूटी नियमों के अनुसार निभाई है तो उन्हें निलंबित करने का कारण सार्वजनिक किया जाए, यदि कोई गलती हुई है तो उसकी निष्पक्ष जांच हो, लेकिन लोगों को अंधेरे में रखकर कोई भी कार्रवाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि फिरोजपुर के लोगों को यह जानने का अधिकार है कि मिलावटखोरों के खिलाफ कार्रवाई करने वाले अधिकारी को किन कारणों से निलंबित किया गया है। ढिल्लों ने आगे कहा कि यदि आने वाले दिनों में सरकार की ओर से अभिनव खोसला को फिरोजपुर में पुनः तैनात करने और निलंबन के मामले में स्पष्टता देने के संबंध में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से फिरोजपुर में लोकतांत्रिक तरीके से विरोध प्रदर्शन और संघर्ष किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य किसी व्यक्ति विशेष से नहीं, बल्कि लोगों के स्वास्थ्य और निष्पक्ष प्रशासन से है। मिलावटखोरी पर कार्रवाई करने वाले अधिकारियों को राजनीतिक या किसी अन्य दबाव के बिना अपनी ड्यूटी करने का माहौल मिलना चाहिए। राजनबीर सिंह ढिल्लों ने पंजाब सरकार से मांग की कि अभिनव खोसला के निलंबन के कारणों को सार्वजनिक किया जाए और मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए।

गांधी जयंती के अवसर पर भाजपा नेता दीपक शर्मा ने चलाई सफाई मुहिम

स्वच्छता सिर्फ मुहिम नहीं, हमारी साझा जिम्मेदारी है : दीपक शर्मा

डेली आवाज भारती



सफाई अभियान की शुरुआत कराते हुए दीपक शर्मा व साथ अन्य।

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): महात्मा गांधी जी की जयंती के अवसर पर गुरुहरसहाय शहर में सफाई और स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष सफाई मुहिम चलाई गई। इस दौरान शहर के विभिन्न हिस्सों में सफाई करते हुए लोगों को अपने आस-पास को साफ-सुथरा रखने और स्वच्छता को अपनी दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश दिया गया। इस मौके पर भाजपा नेता दीपक शर्मा ने कहा कि महात्मा गांधी जी ने स्वच्छता को स्वस्थ और मजबूत समाज की नींव माना था। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2 अक्तूबर 2014 को 'स्वच्छ भारत अभियान' की शुरुआत की गई थी और आज इस मुहिम ने देश भर में स्वच्छता के प्रति एक बड़ी जन-जागरूकता पैदा की है। दीपक शर्मा ने कहा कि सिर्फ एक दिन सफाई करने से शहर साफ नहीं हो सकता, बल्कि इसके लिए हर नागरिक की दैनिक जिम्मेदारी और भागीदारी जरूरी है। उन्होंने कहा कि यदि हम अपने घर के साथ-साथ गली, मोहल्ले, बाजार और सार्वजनिक स्थानों को भी अपना समझकर साफ रखें तो गुरुहरसहाय को एक साफ-सुथरा और सुंदर शहर बनाया जा सकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि कूड़ा सडे ों या सार्वजनिक स्थानों पर न फेंका जाए, गीले और सूखे कूड़े को अलग-अलग रखा जाए और सफाई के प्रति अपने परिवारों और बच्चों को भी जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि साफ शहर केवल सरकार या नगर परिषद की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक की साझा जिम्मेदारी है। इस मौके पर उन्होंने महात्मा गांधी जी को श्रद्धांजलि भेंट करते हुए कहा कि गांधी जी के स्वच्छता, सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी के संदेश को अपने जीवन में अपनाना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि आइए गांधी जयंती पर सिर्फ सफाई मुहिम ना चलाएं, बल्कि स्वच्छ गुरुहरसहाय का संकल्प लेकर इसे साल भर की जन-मुहिम बनाएं।

पुलिस ने चोरी के मोटरसाईकिल सहित 2 को गिरफ्तार किया

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना घल्लखुर्द की पुलिस ने बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान समाज विरोधी अनसरों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना के अधार पर छापेमारी करके चोरी के मोटरसाईकिल सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। उक्त मामलें में पुलिस ने गिरफ्तार किए लोगों के खिलाफ चोरी की विभिन्न धाराओं तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना घल्लखुर्द के एच.सी रुपिन्द्र कौर ने बताया कि उन्हें बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान सूचना मिली थी कि दोषी दैड़ पीर दाना मंडी के नजदीक चोरी के मोटरसाईकिल सहित खड़े हुए है। जिस पर पुलिस ने छापेमारी करके पवनजीत सिंह पुत्र अमरीक सिंह व रबजीत सिंह पुत्र अमरीक सिंह वासी गांव मुंडी जमाल जिला मोगा को बिना नंबरी चोरी के मोटरसाईकिल सहित गिरफ्तार किया है। मामले की जांच कर रही रुपिन्द्र कौर ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में दोषियों पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

खेड़ां वतन पंजाब दीयां-2026

पावरलिफ्टिंग लड़कियां 43 किलो भार वर्ग मुकाबले में काव्या विजेता

- कुश्ती फीस्टाइल अंडर-21 लड़के मुकाबले में वंश ने मारी बाजी

डेली आवाज भारती



जालंधर/बलजीतः पंजाब सरकार द्वारा प्रदेश में खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए आयोजित 'खेड़ां वतन पंजाब दीयां-2026 के तहत गुरुवार को विभिन्न खेलों के जिला स्तरीय खेल मुकाबले करवाए गए, जिनमें खिलाड़ियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। जिला खेल अधिकारी गुरप्रीत सिंह ने खेल मुकाबलों के परिणामों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पावरलिफ्टिंग लड़कियों 43 किलो भार वर्ग मुकाबले में काव्या ने पहला और अनीता ने दूसरा स्थान हासिल किया। 47 किलो भार वर्ग में हरमीत कौर पहले स्थान पर रही तथा 52 किलो भार वर्ग में आरती रानी ने पहला और जसविंदर कौर ने दूसरा स्थान हासिल किया। कुश्ती फीस्टाइल अंडर-21 लड़के मुकाबले में वंश, यूनाइटेड स्पोर्ट्स क्लब ने पहला, शहबाज, बस्ती गुजां ने दूसरा और आशुतोष, वरियाणा अकादमी ने तीसरा स्थान हासिल किया। पुरुषों के 65 किलो भार वर्ग में मनीष, जगजीत अकादमी ने पहला स्थान प्राप्त किया। जबकि बाग हुसैन, यूनाइटेड क्लब ने दूसरा और भीम पाल, पी.ए.पी. ने तीसरा स्थान हासिल किया। 79 किलो भार वर्ग में तरुण, वरियाणा ने पहला, संजम शर्मा, हजारे ने दूसरा और मगधू, जेतोवाली ने तीसरा स्थान हासिल किया। सॉफ्टबॉल अंडर-14 लड़कियों मुकाबले में सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जमशेर ने पहला, सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कादियांवाली ने दूसरा स्थान तथा सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सोफी गांव ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर-21 लड़कियों के मुकाबले में कादियांवाली क्लब पहले, जमशेर दूसरे और मकसूदा तीसरे स्थान पर रहा। अंडर-17 लड़कियां मुकाबले में सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कादियांवाली पहले, सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जमशेर दूसरे और सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सोफी गांव तीसरे स्थान पर रहा। इसके अलावा जिम्नास्टिक खेल के लड़कों और लड़कियों के राज्य स्तरीय ट्रायल भी आज करवाए गए। पावरलिफ्टिंग मुकाबलों के दौरान सुरिंदर सिंह सोढी खिलाड़ियों को आशीर्वाद देने पहुंचे। टेबल टेनिस के मुकाबले भी आज संपन्न हुए। इस मौके पर सुभाष शर्मा ने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। जिला खेल अधिकारी गुरप्रीत सिंह, पंकज शर्मा, गगन बारी और मनीष भारद्वाज सहित खेल विभाग के कोच भी मौजूद थे।

विवेकानंद वर्ल्ड स्कूल के सिमरजीत सिंह ने फेंसिंग में जीता कांस्य पदक, नेशनल टीम के लिए हुआ चयन

डेली आवाज भारती



फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): विवेकानंद वर्ल्ड स्कूल के विद्यार्थी सिमरजीत सिंह ने फेंसिंग में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता है। उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन नेशनल टीम के लिए भी हुआ है। जानकारी साझा करते हुए स्कूल डायरेक्टर डा.एस.एन रुद्रा ने बताया कि सिमरजीत सिंह ने पंजाब स्टेट स्कूल गेम्स 2026-27 के दौरान अंडर-17 लडे ों की इंडिविजुअल एपी फेंसिंग प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता। यह प्रतियोगिता खमाणों, फतेहगढ़ साहिब में आयोजित की गई थी। उन्होंने बताया कि यह उपलब्धि सिमरजीत सिंह की निरंतर मेहनत और फेंसिंग कोच केन कांगबाम सिंह के मार्गदर्शन का परिणाम है, जिनकी प्रशिक्षण और प्रेरणा ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डा.रुद्रा ने कहा कि विद्यार्थी की लगन, नियमित अभ्यास और कोच की मेहनत ने इस उपलब्धि में अहम योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि सिमरजीत ने अपनी इस उपलब्धि से अपने माता-पिता, स्कूल और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

670.60 ग्राम हेरोइन के साथ पुलिस ने 6 लोगों को गिरफ्तार किया

गिरफ्तार दोषियों पर एनडीपीएस एक्ट की धाराओं तहत मामलें दर्ज

डेली आवाज भारती

अभिनेत्री ईशा रिखी 'बिग बॉस-20' से बाहर आ चुकी है। बाहर आने के बाद उन्होंने आईएएनएस के साथ बातचीत में कंटेस्टेंट काजी तौकीर के साथ अपनी दोस्ती पर भी अपनी बात रखी। ईशा ने कहा कि शुरुआत में काजी के साथ उनकी दोस्ती अच्छी थी लेकिन धीरे-धीरे वह दोस्ती एक अलग ही दिशा में चली गई। ईशा रिखी ने कहा, घर में हम कभी भी एक-दूसरे से नफरत नहीं करते थे। बस बात ये थी कि वो दो तरह की पर्सनैलिटी के साथ गेम खेल रहे थे और मैं उसे समझ नहीं पा रही थी। इसलिए मुझे उन्हें समझने में काफी समय लग गया। लोग एक घंटे का एपिसोड देख रहे थे लेकिन हम तो चौबीस घंटे साथ में रह रहे थे, सब कुछ देख रहे थे। यही कारण था कि मैं उन्हे न ही समझ पा रही थी और न ही उनसे कनेक्ट हो पा रही थी। इसी वजह से मैं उन्हें गलत जज कर रही थी या यूं कहूं कि मैं उन्हें समझ ही नहीं पा रही थी। अभिनेत्री ने यह भी माना कि शो से बाहर आने के बाद काजी को उन्होंने एक अलग तरह से देखा। उन्होंने कहा, जब मैं शो से बाहर आई और उनके एपिसोड देखे, तो मैंने उन्हें अलग नजरिए से देखा। मुझे उनकी पर्सनैलिटी बहुत पसंद आई और मुझे ये बात अच्छी लगी कि वह लॉजिकल फाइट्स पर डटे रहे। उनके रिएक्शन लाउड थे, मुझे लगता है कि यह उनके लिए काम कर गया। तो शो में मुझे काजी बहुत पसंद आए। अभिनेत्री से आईएएनएस ने पूछा, काजी के साथ आपकी लड़ाई आपकी जर्नी का एक बड़ा टॉकिंग पॉइंट बन गया। क्या आपको लगता है कि सिचुएशन को बेवजह बढ़ा-चढ़ाकर बताया गया या आपको लगता है कि आप अलग तरह से रिएक्ट कर सकती थीं? ईशा रिखी ने कहा, मुझे बस ऐसा लगता है कि असल में जो कुछ हुआ वह ठीस से सामने नहीं आया। जाहिर है, हमारे पास एक एपिसोड में लिमिटेड टाइम होता है। मैं कई बार अपनी तरफ की बात बता चुकी थी। मैंने साफ कर दिया है कि क्या हुआ था। दरअसल, कुछ समय बाद मेरी और काजी की अकेले में बात भी हुई थी और हमारे बीच जो भी गलतफहमियां थीं, वो दूर हो गईं। आईएएनएस ने एक और सवाल किया, क्या आपको लगता





है कि आपकी पब्लिक इमेज और बादशाह के साथ आपके कनेक्शन की वजह से, लोग आपको जानने से पहले ही आपके बारे में कोई राय बनाकर आए थे? उन्होंने कहा, शो में जाने के बाद कुछ लोग मुझे जानते थे, तो कुछ ने ऐसे दिखाया कि वे जानते ही नहीं है। हालांकि, मुझे नहीं लगता कि मैं इस बात को ज्यादा तवज्जो दूंगी। हां, अगर लोग मुझे उस नजर से जानते हैं, तो जाहिर है उन्हें मेरे साथ रहना था और मेरी पर्सनैलिटी को जानना था।

जाकिर खान ने टूर से ब्रेक लेने पर तोड़ी चुप्पी

कहा-75 साल तक काम करना है

मशहूर कमेडियन जाकिर खान और क्रिकेटर इरफान पठान हाल ही में अभिनेत्री नेहा धूपिया और उनके पति-अभिनेता अंगद बेदी के शो 'डबल डेट' में गए थे। इस दौरान जाकिर खान ने टूर से ब्रेक लेने और अपनी सेहत को लेकर बात की। जाकिर खान ने कहा, मुझे मेरा काम बहुत प्यारा है और मैं चाहता हूं कि जब मैं 75 साल का हो जाऊं, तो जावेद साहब की तरह मैं भी टॉक्स करूं, शो करूं। हालांकि, 10 साल लगातार काम करके मैंने अपनी जो सेहत खराब की है, उसे मुझे पहले ठीक करना होगा। बस इसलिए मैंने 2 साल का ब्रेक लिया है। आगे बातचीत में जाकिर ने अपने मेंटल हेल्थ पर भी बात की। उन्होंने कहा, मेरी मेंटल हेल्थ अपनी पीक पर है, इसी वजह से मेरी फिजिकल हेल्थ ठीक नहीं है। जाकिर ने बातचीत में यह भी बताया कि उन्होंने दूसरे शहरों में शो करने से परहेज किया है। उन्होंने कहा, मेरा ब्रेक सिर्फ दूसरे शहरों में टूर करने से है, मैं शहर के अंदर ट्रैवल करता रहूंगा। शो में आगे बातचीत में इरफान पठान और जाकिर खान ने रिश्ते, निजी भावनाओं और जिंदगी के कई ऐसे पहलुओं पर बात की, जिन पर आमतौर पर खुलकर चर्चा नहीं होती। यूट्यूब पर 50 लाख से ज्यादा सब्सक्राइबर्स के साथ जाकिर भारत के सबसे बड़े स्टैंड-अप



कॉमेडियनों में से एक हैं। करियर की शुरुआत में जाकिर ने दिल्ली में थिएटर और रेडियो प्रोग्रामिंग में काम किया। साल 2012 में कॉमेडी सेंट्रल की इंडियाज बेस्ट स्टैंड अप प्रतियोगिता जीतकर उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी पहचान मिली। अमेजन प्राइम वीडियो पर उनके कई प्रसिद्ध स्टैंड-अप स्पेशल रिलीज हुए, जिनमें 'हक से सिंगल' (2017), 'कक्षा ग्यारहवीं' (2018), 'तथास्तु' (2022), 'मनपसंद' (2023) और 'देलुलु एक्सप्रेस' (2025) शामिल हैं। उन्होंने लोकप्रिय वेब सीरीज [चाचा विधायक हैं हमारे] में मुख्य भूमिका निभाई और लेखन का काम भी किया। इसी के साथ ही, जाकिर खान ने लंदन के प्रतिष्ठित रॉयल अल्बर्ट हॉल और न्यूयॉर्क के मैडिसन स्क्वायर गार्डन में हिंदी में परफॉर्म करके ऐतिहासिक सफलता हासिल की।

आशा पारेख : रिजेक्शन की निराशा से निकलकर बनीं हिंदी सिनेमा की दिग्गज अभिनेत्री

सेंसर बोर्ड अध्यक्ष बनने की प्रेरक कहानी

अभिनेत्री आशा पारेख का नाम हिंदी सिनेमा के उस दौर से जुड़ा है, जब उनकी फिल्मों के गाने, उनका डांस और उनकी स्क्रीन मौजूदगी दर्शकों के बीच खूब पसंद की जाती थी, लेकिन एक समय ऐसा था कि जब उन्हें फिल्म में हीरोइन के तौर पर काम के लिए सिर्फ 11 रुपए मिले थे और कुछ दिनों की शूटिंग के बाद यह कहकर फिल्म से निकाल दिया गया कि वह %स्टार मैटीरियल% नहीं हैं। इसके बाद जो हुआ, उसने आशा पारेख की पूरी जिंदगी बदल दी। आशा पारेख का जन्म 2 अक्टूबर 1942 को मुंबई के सांता क्रूज में हुआ था। उन्हें बचपन से ही डांस का शौक था। महज आठ साल की उम्र में उन्होंने स्कूल के एक कार्यक्रम में डांस किया था। इसके लिए उन्होंने कथक और भरतनाट्यम की ट्रेनिंग भी ली थी। उनकी इस परफॉर्मेंस से प्रभावित होकर उन्हें फिल्मों में काम करने के मौके मिलने लगे। निर्देशक बिमल रॉय ने उन्हें स्टेज पर डांस



करते देखा और बाल कलाकार के तौर पर फिल्म %बाप बेटी% में काम दिया। इससे पहले वह %मां%, %आसमान% और %श्री चैतन्य महाप्रभु% जैसी फिल्मों में भी बाल कलाकार के रूप में नजर आ चुकी थीं। आशा के करियर में सबसे बड़ा झटका तब लगा, जब उन्हें विजय भट्ट की फिल्म %गूंज उठी शहनाई% में हीरोइन के तौर पर साइन किया गया। उन्हें साइनिंग अमाउंट के तौर पर 11 रुपए मिले थे। वह फिल्म को लेकर काफी खुश थीं, लेकिन कुछ दिनों की शूटिंग के बाद उन्हें फिल्म से हटा दिया गया।

page 7_Layout 1 02-10-2026 15:40 Page 1

सही कदम नहीं उठाए होते तो पता नहीं देश और पायलटों पर क्या बीतती', पीएम मोदी ने की स्मित मच्छार की प्रशंसा

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को फ्लाईदुबई के कैप्टन स्मित मच्छार से बातचीत में इजरायल जाने वाली फ्लाइट में संभावित हादसे को रोकने में भारतीय पायलट की भूमिका की अहमियत बताई। उन्होंने कहा कि कैप्टन की हिम्मत ने भारतीय पायलटों की साख भी बचाई है। यूएई में इलाज करा रहे मच्छार से वीडियो कॉल पर बात करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि अगर कैप्टन ने संकट के समय सही कदम नहीं उठाया होता, तो नतीजे बहुत अलग हो सकते थे। पीएम मोदी ने मच्छार से कहा, ÷अगर आप ऐसा (सभी की जान न बचाते) न करते तो पता नहीं, पूरे देश और भारत के पायलटों पर क्या-क्या बीतती। भारतीय पायलटों को क्या-क्या झेलना पड़ता और उन्हें किस नजरिए से देखा जाता। आपने सबकी जान बचाई है। आपने बहुत



बड़ा काम किया है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि इस घटना से भारतीयों के साहस और मूल्यों का पता चलता है। उन्होंने कहा, ÷आज पूरा देश गर्व से कह सकता है कि हम हिंदुस्तानी जान लेने वाले लोग नहीं है, बल्कि जान बचाने वाले लोग हैं। उन्होंने मच्छार से कहा, ÷ आपके शरीर पर इतना बड़ा घाव हुआ और स्वयं जीवन और मृत्यु की लड़ाई लड़ रहे थे। उस समय भी आपने अपने जीवन की परवाह नहीं की, बल्कि यात्रियों के जीवन की परवाह की। सबसे बड़ी बात यह है कि आपने 140 करोड़ देशवासियों का मान बढ़ाया है। इसलिए मैं हृदय से गर्व अनुभव करता हूं। प्रधानमंत्री मोदी से बातचीत के दौरान स्मित ने उस भयावह अनुभव को याद करते हुए बताया कि उस कठिन घड़ी में भी वे हनुमान चालीसा का पाठ कर रहे थे। उन्होंने कहा, ÷उस समय मैं हनुमान चालीसा बोल रहा था और मुझे पता है कि मुझे भगवान ने ही बचाया है। बता दें कि फ्लाईदुबई की फ्लाइट दुबई से इजरायल के तेल अवीव जा रही थी। उड़ान के बीच विमान के को-पायलट ने कैप्टन स्मित मच्छार पर चाकू से हमला किया था। इजरायली प्रधानमंत्री ने एक बयान में कहा था कि को-पायलट ने विमान को क्रैश कराने की कोशिश की थी।

तेल अवीव जा रही फ्लाईदुबई की फ्लाइट में करीब 174 यात्री सवार थे। गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद स्मित मच्छार ने बहादुरी से हमलावर का सामना किया और कॉकपिट का दरवाजा खोला। इसके बाद कुछ यात्रियों और क्रू सदस्यों ने को-पायलट को काबू में किया। बाद में फ्लाइट की सऊदी अरब के तबूक एयरपोर्ट पर आपातकालीन लैंडिंग कराई गई थी।

कैप्टन स्मित मच्छार ने 174 जिंदगियां बचाकर भारत का नाम रोशन किया : अनिल विज

चंडीगढ़। हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने भारतीय पायलट कैप्टन स्मित मच्छार द्वारा घायल होने के बावजूद उनके द्वारा 174 जिंदगियां बचाने पर इसे भारतवासियों के लिए गर्व की बात कहते हुए कहा कि कैप्टन मच्छार स्वयं इसका श्रेय ने लेकर बल्कि 卐भारतीय संस्कृति卐 को दे रहे हैं। आज पत्रकारों से बातचीत के दौरान ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि कैप्टन स्मित मच्छार ने मिड एयर क्रैश को बचाकर भारत का नाम रोशन किया है और इससे भी बड़ी बात यह है कि इतने बड़े काम का वो खुद श्रेय न लेकर बल्कि भारतीय संस्कृति को दे रहे है। उन्होंने कहा कि मैं भारतीय संस्कृति को मानता हूं, ये बहुत बड़ी बात है, ये हर भारतवासी के लिए गर्व और सीना फुलाने की बात है। गौरतलब है कि फ्लाईदुबई की फ्लाइट के पायलट कैप्टन स्मित मच्छार थे और विमान में ही उनके को-पायलट साथी ने कैप्टन स्मित पर चाकू से वार कर उन्हें घायल कर दिया था। घायल होने के बावजूद भी कैप्टन स्मित ने विमान में सवार 174 यात्रियों की जान बचाई।



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गांधी जयंती पर गुरुग्राम में 'जीवीपी मुक्त अभियान' का किया शुभारंभ

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर ÷स्वच्छता ही सेवा 2026÷ के तहत नगर निगम गुरुग्राम द्वारा 'जीवीपी मुक्त अभियान' की शुरुआत गुरुग्राम से की गई। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को महरौली रोड पर डीएचबीवीएन कॉलोनी के पास नगर निगम गुरुग्राम द्वारा विकसित किए गए जीवीपी मुक्त स्थल का निरीक्षण कर अभियान की शुरुआत की। *मुख्यमंत्री ने दिया स्वच्छता में जनभागीदारी का संदेश* मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपने संदेश में स्वच्छता को केवल सरकारी व्यवस्था तक सीमित न रखते हुए नागरिकों की भागीदारी पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सरकार व्यवस्था और सुविधाएं उपलब्ध करा सकती है तथा आधुनिक तकनीक एवं संसाधनों का उपयोग कर सकती है, लेकिन घरों और संस्थानों से निकलने वाले कचरे को अलग-अलग रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने सरकारी व्यवस्था, आधुनिक तकनीक और जनता की भागीदारी को स्वच्छता अभियान के तीन महत्वपूर्ण पक्षों के रूप में रेखांकित किया और कहा कि इसका उद्देश्य स्वच्छता अभियान को जनभागीदारी के माध्यम से एक व्यापक नागरिक अभियान का रूप देना है। मुख्यमंत्री ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि खुले में कचरा न फेंकें, घर पर कचरे को अलग-अलग रखें और केवल अधिकृत कचरा-वाहन को ही कचरा दें। जीवीपी मुक्त अभियान का उद्देश्य केवल एक बार सफाई करना नहीं, बल्कि चिन्हित स्थानों पर दोबारा कचरा जमा न हो, इसके लिए नागरिकों में जिम्मेदार व्यवहार को बढ़ावा देना भी है। नगर निगम द्वारा शुरू किए गए अभियान के अनुसार जीवीपी मुक्त अभियान 2 से 11 अक्टूबर तक चलेगा। अभियान के तहत शहर के चिन्हित 21 गार्बेज वर्नेबल पॉइंट्स (जीवीपी) पर विशेष सफाई अभियान चलाकर उन्हें स्वच्छ एवं बेहतर सार्वजनिक स्थलों में बदलने का कार्य किया जाएगा। अभियान का संदेश ÷10 दिन -21 कचरा बिंदु -एक गुरुग्राम÷ है। मुख्यमंत्री ने नागरिकों से भी अभियान से जुड़ने तथा अपने क्षेत्र के जीवीपी को स्वच्छ बनाए रखने में श्रमदान और सहयोग करने के लिए आमंत्रित किया गया है। अभियान कार्यक्रम के अनुसार 2 अक्टूबर को डीएचबीवीएन कॉलोनी के पास तथा सरहोल में अभियान की शुरुआत की गई।



कचरा बिंदु को सुंदर बिंदु बनाने में साथ दें

नगर निगम गुरुग्राम द्वारा आरडब्ल्यूए, दुकानदारों, स्कूलों, युवाओं और स्थानीय नागरिकों से अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की है। नागरिक अपने क्षेत्र के अभियान में पहुंचकर श्रमदान करें तथा स्वच्छता के संदेश को आगे बढ़ाने में सहयोग करें। अभियान का मूल संदेश कचरा बिंदु को सुंदर बिंदु बनाना और स्वच्छता को नागरिक आदत का हिस्सा बनाना है। कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति के माध्यम से स्वच्छता बनाए रखने और कचरा अलग अलग करने का संदेश दिया। मुख्यमंत्री के साथ उपस्थित सभी लोगों ने स्वच्छता की शपथ ली।

कांग्रेस सांसदों ने कहा- सीईसी ज्ञानेश कुमार को इस्तीफा देना ही होगा

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ इंडिया ब्लॉक के नेताओं ने मोर्चा खोल दिया है और इस्तीफे की मांग तेज हो गई है। पटना में मीडिया से बातचीत के दौरान कांग्रेस सांसद अखिलेश प्रसाद सिंह ने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए केंद्र सरकार पर मिलीभगत का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि देश में जो स्थिति बनी हुई है, उसमें चुनाव आयोग और मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) द्वारा किए गए काम को लेकर लोगों में विश्वास नहीं है। चुनाव प्रक्रिया को लेकर लगातार सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने बंगाल, असम, हरियाणा और महाराष्ट्र के चुनावों का जिक्र करते हुए कहा कि यहां के चुनाव को चोरी किया गया। ऐसे में आंदोलन करना स्वाभाविक है। लोगों के मन में चुनाव आयोग और ज्ञानेश कुमार पर भरोसा नहीं है। इसीलिए, विपक्ष की लड़ाई जारी रहेगी, क्योंकि यह ऐसी सरकार है जो लोकतंत्र को कुचलने का काम कर रही है। उन्होंने दावा किया कि जब तक ज्ञानेश कुमार इस्तीफा नहीं देते, तब तक विपक्ष रुकने वाला नहीं है। पूर्णिया से सांसद पप्पू यादव ने भी ज्ञानेश कुमार पर गंभीर आरोप लगाए। दरभंगा में मीडिया से बातचीत के दौरान पप्पू यादव ने कहा कि राहुल गांधी जो तीन साल से वोट चोरी का आरोप लगा रहे थे, वह अब दुनिया के सामने है। उन्होंने दिल्ली के कुछ मेट्रो स्टेशन के बंद होने पर तंज कसते हुए कहा कि गांधी जयंती के दिन दिल्ली में मेट्रो स्टेशन कई घंटों के लिए बंद कर दिए गए। आम आदमी से उसके



आजादी के 11 घंटे छीन लिए गए। उन्होंने दिल्ली में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध का मुद्दा उठाते हुए कहा कि दिल्ली में बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। जिस देश में संविधान सुरक्षित नहीं हैं और आम आदमी के वोट देने के अधिकार पर सवाल उठ रहे हैं, वहां लोकतंत्र को लेकर चिंता स्वाभाविक है। पप्पू यादव ने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में इंडी गठबंधन लगातार 'वोट चोरी' के मुद्दे को उठा रहा है। पिछले तीन वर्षों से राहुल गांधी इस मुद्दे को लगातार देश और दुनिया के सामने रखते आ रहे हैं और आम आदमी के वोट के अधिकार को लेकर सवाल उठा रहे हैं। हम लोग राहुल गांधी के साथ इस लड़ाई को लड़ने के लिए एकजुट हैं।

बिहार के मखाना को मिला अंतरराष्ट्रीय बाजार, एपीडा की मदद से ग्रीस के लिए 1 मीट्रिक टन खेप रवाना

नई दिल्ली। एपीडा कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीईडीए) की सहायता से बिहार के पूर्णिया से 1 मीट्रिक टन (एमटी) पॉप्ड मखाना की खेप ग्रीस के लिए रवाना की गई है। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को कहा कि यह कदम बिहार के मखाना उत्पादकों को अंतरराष्ट्रीय बाजारों से जोड़ने और उनके लिए बेहतर आय के अवसर पैदा करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार, यह खेप इंडो ग्लोबल एक्सपोर्ट, बेलौरी (पूर्णिया) द्वारा स्रोतित की गई है और इसका निर्यात एस. एस. फूड्स एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से किया जा रहा है। यह खेप मुंद्रा बंदरगाह से ग्रीस के पिराएस पोर्ट तक भेजी जाएगी। सरकार ने बताया कि इस निर्यात से मखाना उत्पादकों को घरेलू बाजार की तुलना में बेहतर मूल्य प्राप्त हुआ है।



सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में 5 अक्टूबर को होगी सुनवाई

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ दाखिल याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में 5 अक्टूबर को सुनवाई होगी। यह सुनवाई सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी मोहना की बेंच करेगी। याचिकाओं में एसआईआर से जुड़े कथित एकतरफा फैसलों, दिशानिर्देशों और सॉफ्टवेयर में किए गए बदलावों को असंवैधानिक घोषित करने की मांग की गई है। याचिकाकर्ताओं ने सीईसी और अन्य अधिकारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि एसआईआर के दौरान करीब 13 करोड़ नाम वोटर लिस्ट से हटाए गए हैं। इस मामले की सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त जज की अध्यक्षता में एसआईटी या न्यायिक जांच कराने की मांग की गई है। साथ ही,





ईसीआईनेट और ईआरओनेट का फॉरेंसिक ऑडिट कराने की भी मांग उठाई गई है। याचिका में सीईसी ज्ञानेश कुमार से आयोग की सामूहिक शक्ति के इस्तेमाल का कानूनी आधार बताने के लिए कहा गया है। इसके अलावा ईसीआई के मूल रिकॉर्ड, फाइल नोटिंग और बैठकों के कार्यवृत्त को तलब करने की भी मांग की गई है। याचिकाओं में सबसे बड़ी मांग यह है कि जब तक सुनवाई पूरी नहीं हो जाती, तब तक ज्ञानेश कुमार को सीईसी के तौर पर काम करने से रोका जाए। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि अगर एसआईआर से जुड़े फैसले एकतरफा लिए गए हैं और सॉफ्टवेयर में बदलाव किया गया है, तो यह लोकतंत्र के लिए खतरा है। इसलिए कोर्ट को इस पूरे मामले की गहराई से जांच करनी चाहिए और चुनाव आयोग के रिकॉर्ड को सामने लाना चाहिए। अब सभी की नजर 5 अक्टूबर को होने वाली सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई पर टिकी है, जहां सीजेआई की बेंच इस मामले पर क्या रुख अपनाती है।

वंदे भारत कटरा-बनिहाल सेक्शन में 100 किलोमीटर प्रति घंटा तक की भरेगी रफ्तार : अश्विनी वैष्णव

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को घोषणा की कि 111 किलोमीटर लंबे श्री माता वैष्णो देवी कटरा-बनिहाल सेक्शन पर अधिकतम अनुमत गति को 75 किमी/घंटा से बढ़ाकर 100 किमी/घंटा कर दिया गया है। साथ ही, इसे उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक (यूएसबीआरएल) प्रोजेक्ट पर रेल संचालन के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म %एक्स% पर एक पोस्ट में मंत्री ने इसे ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि रफ्तार में वृद्धि सफल ट्रायल के बाद की गई है। उन्होंने कहा, ÷आज का दिन ऐतिहासिक है। 111 किलोमीटर लंबे श्री माता वैष्णो देवी कटरा-बनिहाल सेक्शन पर अधिकतम अनुमत गति को 75 किलोमीटर प्रति



घंटा से बढ़ाकर 100 किलोमीटर प्रति घंटा कर दिया गया है। ट्रायल के दौरान, वंदे भारत एक्सप्रेस (ट्रेन नंबर 26401/26404) ने 100 किमी/घंटा की रफ्तार से चिनाब ब्रिज (जिसे दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे आर्च ब्रिज माना जाता है) और अंजी में भारत के पहले केबल-स्टेयड रेल ब्रिज को पार किया।

अनुमत गति में इस बढ़ोतरी से रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण यूएसबीआरएल कॉरिडोर पर ऑपरेशनल क्षमता में सुधार की उम्मीद है, जो कश्मीर घाटी को राष्ट्रीय रेलवे नेटवर्क से जोड़ता है। रेलवे अधिकारियों ने कहा कि इस कदम से यात्रा का समय कम होगा और यात्रियों को तेज, सुरक्षित और अधिक आरामदायक यात्रा का अनुभव मिलेगा। वैष्णव ने कहा, आज बढ़ी हुई स्पीड का सफल परीक्षण किया गया। वंदे भारत एक्सप्रेस (ट्रेन नंबर 26401/26404) ने दुनिया के सबसे ऊंचे चिनाब ब्रिज और भारत के पहले केबल-स्टे वाले अंजी ब्रिज को 100 किमी/घंटा की रफ्तार से पार करके एक नया रिकॉर्ड बनाया।÷ मंत्री ने कहा, ÷इस सुधार से यूएसबीआरएल प्रोजेक्ट पर ट्रेन का संचालन आसान होगा, यात्रा का समय कम होगा और यात्रियों को तेज, सुरक्षित और आरामदायक यात्रा का अनुभव मिलेगा।

दौसा : गांधी-शास्त्री जयंती पर शहर में निकली प्रभात फेरी और सद्भावना यात्रा, विभिन्न राजनीतिक दलों की सक्रियता भी रही तेज

डेली आवाज भारती

दौसा : गांधी-शास्त्री जयंती पर शहर में निकली प्रभात फेरी और सद्भावना यात्रा, विभिन्न राजनीतिक दलों की सक्रियता भी रही तेज

दौसा। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन, कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी द्वारा अलग-अलग आयोजनों के माध्यम से महापुरुषों को नमन किया गया और आगामी राजनीतिक व सामाजिक गतिविधियों की रूपरेखा तय की गई।

प्रभात फेरी, रामधुनी और गांधी सर्किल पर श्रद्धांजलि जिला मुख्यालय स्थित गांधी सर्किल पर



आयोजित मुख्य कार्यक्रम में विद्यार्थियों, धर्मगुरुओं, अधिकारियों और आमजन ने सहभागिता कर गांधीजी एवं शास्त्रीजी को श्रद्धांजलि अर्पित की। कलेक्टर डॉ. सौम्या झा, एसपी पीयूष दीक्षित और नगर परिषद सभापति रेखा गुर्जर ने चित्रों पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। पीजी कॉलेज सहित विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। कला जत्था की टीमों ने भजनों और रामधुनी की प्रस्तुतियां दीं, जबकि धर्मगुरुओं ने आपसी प्रेम, सद्भाव और सामाजिक समरसता का संदेश दिया। इस दौरान कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने गांधीजी के मूलमंत्र को याद करते हुए समाज के सबसे गरीब और जरूरतमंद व्यक्ति के कल्याण को अपने निर्णयों में प्राथमिकता देने का आह्वान किया। कांग्रेस ने निकाली 'गांधी सद्भावना यात्रा' ग्राम स्वराज संगोष्ठी का आयोजन महात्मा गांधी जीवन दर्शन संस्थान के तत्वावधान में विधायक डी.सी. बैरवा के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया तथा शहीद स्मारक से जिला कांग्रेस कार्यालय तक %गांधी सद्भावना यात्रा% निकाली गई। कांग्रेस कार्यालय में आयोजित ग्रामस्वराज्य संगोष्ठी को संबोधित करते हुए सांसद मुरारी लाल मीणा और जिलाध्यक्ष रामजीलाल ओढ़ ने गांधीजी के %ग्राम स्वराज% और स्वावलंबी गांवों के सपनों पर जोर दिया। वक्ताओं ने कहा कि पंचायतों में महिलाओं को मिला आरक्षण सामाजिक स्वराज की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

भाजपा की पंचायती राज चुनाव को लेकर बैठक

दूसरी ओर, आगामी पंचायती राज चुनावों की तैयारियों को लेकर भाजपा दौसा विधानसभा की बैठक डाक बंगला परिसर में आयोजित की गई। विधानसभा प्रत्याशी जगमोहन मीणा ने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव और ढाणी-ढाणी पहुंचकर संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने व्यक्तिगत मतभेद भुलाकर पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में एकजुट होकर कार्य करने पर जोर दिया। भाजपा जिला अध्यक्ष लक्ष्मी रेला और पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. रतन तिवारी ने भी केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और चुनावों में पूरी ताकत से जुटने का निर्देश दिया।

सीजेपी की अपील-धरना स्थल पर पहुंचें, सीएम फणडवीस का पलटवार-झूठी कहानी सफल नहीं होगी

डेली आवाज भारती

मुंबई। मुंबई के शिवाजी पार्क में कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन को लेकर सीएम फडणवीस ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि फेक नैरेटिव बढ़ाने में कामयाबी नहीं मिलेगी। वहीं, सीजेपी के नेताओं ने मुंबई की जनता से धरनास्थल पर भारी संख्या में पहुंचने की अपील की। मीडिया से बातचीत के दौरान सीएम फडणवीस ने कहा कि मैं शुरू में ही यह साफ कर देना चाहता हूं कि सब कुछ पहले ही सामने आ चुका है। तीनों चुनाव आयुक्तों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी और विपक्ष की तथाकथित झूठी कहानी का पर्दाफाश हो चुका है। इसके बावजूद, इस झूठी कहानी को आगे बढ़ाने की कोशिशें की जा रही हैं लेकिन वे सफल नहीं होंगे। भाजपा नेता परिणय फुके ने कहा कि सीजेपी कोई राजनीतिक पार्टी नहीं है।





एक फाउंडेशन या संगठन है जो छात्रों से जुड़े नीट पेपर लीक के आरोपों के बाद शुरू हुआ था। चूंकि सीजेपी का कोई राजनीतिक अस्तित्व नहीं है और वे खुद कहते हैं कि वे चुनाव नहीं लड़ेंगे या ऐसा कुछ नहीं करेंगे, तो वे चुनाव आयोग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन क्यों कर रहे हैं। सीजेपी का यह विरोध उन लोगों का आंदोलन है जो भारत की तरक्की से जलते हैं। पिछले 12 सालों में देश ने अर्थव्यवस्था और क्रय शक्ति के मामले में चौथा स्थान हासिल किया है। देश में बड़े पैमाने पर विदेशी प्रत्यक्ष निवेश आ रहा है और बड़े पैमाने पर औद्योगीकरण हो रहा है। कुछ विदेशी देश जो भारत और उसकी तरक्की से जलते हैं, वे इस आंदोलन को फंड कर रहे हैं। वहीं, सीजेपी नेता सिद्धांत भारद्वाज ने कहा कि लोगों में वही जोश है जो जंतर-मंतर पर था। ये वही लोग हैं जो देश को बचाने के लिए आए हैं। भले ही राज्य, शहर या गांव बदल जाए लेकिन उनका जज्बा, उनके दिल और देश के प्रति उनका सम्मान वही रहता है। इसीलिए बड़ी संख्या में लोग पहले ही जमा हो चुके हैं। यहां कम से कम 40,000ङ्क50,000 लोगों के आने की उम्मीद है, और यह संख्या शायद एक लाख से भी ज्यादा हो सकती है। लोग बहुत उत्साहित हैं। सीजेपी प्रवक्ता आशुतोष रांका ने कहा कि अगर जेल जाने से 13 करोड़ लोगों के वोट वापस मिल सकते हैं और अगर जेल जाने से ज्ञानेश कुमार की जवाबदेही तय हो सकती है, तो हम जेल जाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। ज्ञानेश कुमार इस देश के सबसे बड़े गद्दार हैं। वोटर लिस्ट से 13 करोड़ वोटरों के नाम हटाने के लिए वही जिम्मेदार हैं। इस देश में अब तक किसी ने इससे बड़ा धोखा नहीं दिया है। हम उन्हीं 13 करोड़ लोगों के अधिकारों के लिए लड़ रहे हैं। आज मुझे उम्मीद है कि मुंबई में हज़ारों लोग मौजूद रहेंगे और यहां भारी भीड़ जमा होगी। पिछले दो दिनों में हमने पूरे मुंबई का दौरा किया और लोगों में बहुत उत्साह है।

'फ्लाईदुबई फ्लाइट में सुरक्षा में हुई लापरवाही', ओमान के पायलट की मौजूदगी पर इजरायली दूत यावित रेवाच ने उठाए सवाल

डेली आवाज भारती

मुंबई। यूएई से इजरायल जा रहे अमीराती विमान फ्लाईदुबई फ्लाइट एफजेड1073 के कॉकपिट में बुधवार को हुई घटना में ओमान के पायलट की मौजूदगी कई सवाल खड़े करती है। आईएएनएस के साथ घटना पर बात करते हुए इजरायल के महावाणिज्यदूत (मध्य पश्चिम भारत) यावित रेवाच ने बेहद चौंकाने वाले तथ्यों पर चर्चा की। आईएएनएस से चर्चा के दौरान यावित रेवाच ने वो मान में ओमान के पायलट की मौजूदगी को संदिग्ध बताया। उनके अनुसार, इजरायल जाने वाली फ्लाइट उड़ा रहे हर पायलट के पास ऐसे देश का पासपोर्ट होना जरूरी है, जिसके इजरायल के साथ आधिकारिक राजनयिक संबंध हों। उन्होंने कहा कि यहां शायद कोई समस्या हुई या



सुरक्षा व्यवस्था में कोई लापरवाही हुई, क्योंकि विमान में ओमान का एक पायलट मौजूद था। इस मामले की जांच इजरायल और यूएई के अधिकारी करेंगे। जो इस मामले के विशेषज्ञ हैं, उन्हें अपना काम करने देना चाहिए। दूसरी मुख्य बात पर प्रकाश डालते हुए महावाणिज्यदूत रेवाच ने कहा कि विमान में किसी तरह का तरल पदार्थ, लाइटर वगैरह ले जाने की इजाजत नहीं होती। लेकिन कॉकपिट के अंदर एक क्रैश एक्स (कुल्हाड़ी) मौजूद था, जिसका इस्तेमाल हमलावर पायलट ने किया। इसलिए मुझे लगता है कि पूरी घटना की योजना पहले से बनाई गई थी, क्योंकि उसे पता था कि वह विमान में अपने साथ ऐसी कोई चीज नहीं ला सकता और उसे यह भी पता था कि कॉकपिट में कुल्हाड़ी मौजूद है, जिसका वह इस्तेमाल कर सकता है।

महावाणिज्यदूत रेवाच ने ईरान की गतिविधियों पर शंका जाहिर की। उन्होंने कहा कि हम इस बारे में साफ तौर पर कुछ नहीं कह सकते। लेकिन मैं ईरान और उसके समर्थित गुटों के बारे में साफ तौर पर कह सकता हूं कि ईरान, लेबनान में हिजबुल्लाह, इराक में शिया मिलिशिया और यमन में हूती लड़ाकों को ट्रेनिंग और पैसा देता है। साथ ही उन्हें काफी आधुनिक टेक्नोलॉजी और हथियार भी मुहैया कराता है। वे सिर्फ इजरायल ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र को अस्थिर करने की कोशिश करते हैं, जिसमें उनके पड़ोसी देश जैसे सऊदी अरब, यूएई, कुवैत, ओमान वगैरह भी शामिल हैं।

रेवाच ने कहा कि हमने इसी हफ्ते यह भी देखा कि हूती विद्रोहियों ने मुसलमानों के सबसे पवित्र शहर मक्का पर सीधे हमला करने की कोशिश की। इसलिए आखिर में हमें यह समझना होगा कि ईरान इस क्षेत्र में एक बहुत खतरनाक ताकत है। लेकिन, मुझे अभी यह पक्का नहीं है कि इस आतंकी हमले में ईरान की कोई भूमिका थी या नहीं। साथ ही हमें यह भी नहीं भूलना चाहिए कि पश्चिमी मीडिया और अल जजीरा को यहूदियों और इजरायलियों के खिलाफ भड़काऊ सामग्री को बढ़ावा देते समय बहुत सावधान रहने की जरूरत है। आखिर में हमने देखा कि इसका नतीजा क्या हुआ।

CMYK

page 8_Layout 1 02-10-2026 21:28 Page 1

सब गोल माल है - बरनाला शहर में चल रहा एलपीजी सिलेंडरों की ब्लैक का धंधा

सिलेंडर के लिए भटक रहे उपभोक्ता, विभाग बना मूक दर्शक; सामान्य आपूर्ति प्रभावित होने से बढ़ी परेशानी

डेली आवाज भारती

बरनाला/कशिश नरवालियां : शहर में एलपीजी गैस सिलेंडरों की कथित ब्लैक मार्केटिंग को लेकर उपभोक्ताओं में रोष बढ़ता जा रहा है। घरेलू गैस सिलेंडर की नियमित सप्लाई नहीं मिलने के कारण लोगों को एजेंसी के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। आरोप है कि कुछ लोग जरूरतमंद उपभोक्ताओं की मजबूरी का फायदा उठाकर सिलेंडर निर्धारित कीमत से अधिक दाम पर उपलब्ध करवा रहे हैं। इससे आम परिवारों का घरेलू बजट भी प्रभावित हो रहा है। उपभोक्ताओं अनिल कुमार , राज कुमार, नवीन कुमार आदि का कहना है कि गैस सिलेंडर की बुकिंग करवाने के बाद भी समय पर डिलीवरी नहीं मिलती। कई बार डिलीवरी के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है। दूसरी ओर, कथित तौर पर अतिरिक्त पांच सौ रूपए देने पर सिलेंडर आसानी से उपलब्ध करवाने की चर्चा भी सामने आ रही है। इससे गैस की कालाबाजारी को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। शहरवासियों ने संबंधित विभाग से मांग की है कि गैस एजेंसियों की सप्लाई व्यवस्था की जांच की जाए और सिलेंडरों की उपलब्धता तथा डिलीवरी का रिकॉर्ड खंगाला जाए। उपभोक्ताओं का कहना है कि यदि कहीं निर्धारित मूल्य से अधिक वसूली या सिलेंडरों की अवैध बिक्री हो रही है तो संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए।

उपभोक्ता बोले-समय पर नहीं मिल रहा सिलेंडर

समाजसेवी नवीन कुमार काली ने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडर रोजमर्रा की जरूरत है। बुकिंग के बाद भी समय पर सिलेंडर नहीं मिलने से परिवारों को परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि विभाग को उपभोक्ताओं की शिकायतों पर गंभीरता से कार्रवाई करनी चाहिए।



विभाग की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

व्यापारी नेता मोनू गोयल का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद संबंधित विभाग की ओर से प्रभावी कार्रवाई नजर नहीं आ रही। लोगों का कहना है कि विभाग को केवल शिकायत मिलने का इंतजार करने के बजाय गैस एजेंसियों और डिलीवरी व्यवस्था की नियमित जांच करनी चाहिए, ताकि जरूरतमंद उपभोक्ताओं को समय पर सिलेंडर मिल सके।



> समाजसेवी कमल गुप्ता बब्बू ने कहा कि 'घरेलू गैस सिलेंडर की सप्लाई में पारदर्शिता होनी चाहिए। यदि किसी स्थान पर निर्धारित कीमत से अधिक राशि लेकर सिलेंडर देने या सप्लाई रोककर रखने की शिकायत है तो विभाग को मौके पर जांच कर कार्रवाई करनी चाहिए।'
>
> - एक उपभोक्ता



> रजत बांसल एमसी ने कहा कि ₹सिलेंडर की कालाबाजारी से आम उपभोक्ता सबसे ज्यादा प्रभावित होता है। प्रशासन को गैस की उपलब्धता, बुकिंग और डिलीवरी व्यवस्था की जांच कर वास्तविक स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। दोषी पाए जाने वालों पर नियमानुसार कार्रवाई होनी चाहिए।₹
>
> - शहरवासी



बिट्टू बांसल व संजीव बांसल एमसी ने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि शहर में एलपीजी सिलेंडरों की उपलब्धता सुनिश्चित





बिट्टू बांसल व संजीव बांसल एमसी ने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि शहर में एलपीजी सिलेंडरों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ-साथ कथित ब्लैक मार्केटिंग की निष्पक्ष जांच कराई जाए। इंडेन कंपनी बरनाला के मैनेजर के अनुसार सिलिंडर सप्लाई करने वाली लेबर ने काम बंद कर दिया जिससे सप्लाई में परेशानी हो रही हैं। सप्लाई देने वाले ने बताया कि उनका ठेकेदार सात माह से उनकी मजदूरी की पेमेंट नही दे रहा इससे परेशान होकर उन्होंने काम बंद कर दिया हैं। ठेकेदार सीता राम ने बताया कि विभा उनके सात लाख रपये की पेमेंट नही कर रह तो वे मजदूरों को कैसे पेमेंट देंगे। इसी कारण काम बंद हैं।

बरनाला से भाजपा के टिकट के प्रमुख दावेदार सोहन मित्तल

डेली आवाज भारती



सोहन मित्तल।



दीपक मित्तल।

बरनाला/कशिश नरवालियां : भारतीय जनता पार्टी से जुड़े मित्तल परिवार का राजनीतिक सफर कई दशकों पुराना है। भाजपा सोहन मित्तल ने वर्ष 1977 में जनता पार्टी बरनाला के मंत्री के रूप में अपनी राजनीतिक जिम्मेदारी संभाली। इसके बाद वर्ष 1981 में भारतीय जनता युवा मोर्चा बरनाला के मंडल अध्यक्ष, 1995 में भारतीय जनता युवा मोर्चा संगरूर के जिला अध्यक्ष, 2001 में भाजपा जिला संगरूर के मंत्री, 2004 में भाजपा जिला संगरूर के उपाध्यक्ष तथा वर्ष 2008 में भाजपा जिला बरनाला के उपाध्यक्ष के रूप में सेवाएं दीं। वर्ष 2011 से 2026 तक वे भारतीय जनता पार्टी पंजाब के कार्यकारी सदस्य के रूप में कार्य कर रहे हैं। सोहन मित्तल के अनुसार, वर्ष 1975 में आपातकाल के दौरान उनके पिता ने भारतीय जनसंघ के लिए काम किया था। वर्ष 1992 में श्री राम मंदिर अयोध्या आंदोलन के दौरान उन्होंने गिरफ्तारी दी और 14 दिन बठिंडा जेल में रहे। वहीं वर्ष 1997-98 में नरेंद्र मोदी के भारतीय जनता पार्टी पंजाब के संगठन मंत्री रहने के दौरान सोहन मित्तल ने भारतीय जनता युवा मोर्चा संगरूर के जिला अध्यक्ष के तौर पर उनके साथ काम किया। मित्तल परिवार की अगली पीढ़ी भी भाजपा संगठन में सक्रिय रही है। उनके सुपुत्र दीपक मित्तल वर्ष 2008 से 2011 तक भारतीय जनता युवा मोर्चा बरनाला के अध्यक्ष रहे। वर्ष 2011 में वे भारतीय जनता युवा मोर्चा पंजाब के कार्यकारिणी सदस्य तथा जिला संगरूर-1 के प्रभारी बने। वर्ष 2015 में उन्होंने भारतीय जनता युवा मोर्चा पंजाब में सोशल मीडिया के को-इंचार्ज की जिम्मेदारी संभाली। वर्ष 2019 में दीपक मित्तल जिला बरनाला भाजपा के सदस्य बने, जबकि वर्ष 2023 में उन्हें जिला बरनाला भाजपा का उपाध्यक्ष बनाया गया। वर्ष 2026 में उनकी पत्नी प्रियंका मित्तल वार्ड नंबर 47 से भाजपा की पार्षद हैं। इस प्रकार मित्तल परिवार की कई पीढ़ियां लंबे समय से भाजपा और उससे जुड़े संगठनों में सक्रिय भूमिका निभाती रही हैं।


अमरजीत चावला पर 8 महीने सराय में शोषण का आरोप

देश-विदेश में रहने वाले गुरु नानक नाम लेवा संगत और सभी पंजाबियों से सच क्यों छिपाया जा रहा है?

- **पीड़िता के चरित्र पर सवाल उठाने वाले विरसा सिंह वल्टोहा बताएं कि महिला को 8 महीने तक सराय में रखकर एसजीपीसी के नियमों का उल्लंघन क्यों किया गया?**

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब स्टेट मीडिया इंचार्ज बलतेज पन्नू ने श्री आनंदपुर साहिब और अमृतसर के सराय में बहरीन से आई महिला से जुड़े बेहद गंभीर मामले पर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) और अकाली दल (बादल) की लीडरशिप पर निशाना साधा और कहा कि पिछले कई दिनों से इस पूरी घटना पर उनकी चुप्पी कई बड़े सवाल खड़े करती है। उन्होंने कहा कि इस मामले में देश-विदेश में रहने वाले सभी पंजाबियों और गुरु नानक का नाम लेने वालों से सच क्यों छिपाया जा रहा है?



शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बलतेज पन्नू ने बताया कि इस केस में न सिर्फ वित्तीय हेराफेरी हुई है, बल्कि पार्टी के अलग-अलग पदाधिकारियों से भी पैसे इकट्ठा किए गए हैं। उन्होंने सवाल किया कि धामी साहब अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह बताने से क्यों बचते रहे कि असल में कितना पैसा ट्रांसफर हुआ, यह पैसा कहां से आया, किसे दिया गया और इसका हिसाब-किताब क्या है? विरसा सिंह वल्टोहा और केस से जुड़ी महिला के एक ऑडियो क्लिप का ज़िक्र करते हुए पन्नू ने कहा कि विरसा सिंह वल्टोहा और शिकायत करने वाली बीबी के बीच हुई बातचीत से कई हैरान करने वाले तथ्य सामने आते हैं। उन्होंने कहा कि एसजीपीसी मेंबर और अकाली दल के सीनियर वाइस प्रधान अमरजीत सिंह चावला पर महिला को 8 महीने तक शराबखाने में रखने और उसका शोषण करने के बहुत गंभीर आरोप हैं। एसजीपीसी के नियमों को तोड़ते हुए एक अकेली महिला को इतने महीनों तक शराबखाने में कमरा कैसे मिला? क्या उस पवित्र धार्मिक जगह पर ऐसे कामों की इजाज़त दी जा सकती है?

वल्टोहा पर निशाना साधते हुए पन्नू ने कहा कि जो नेता सोशल मीडिया और चैनलों पर पीड़िता के चरित्र पर सवाल उठा रहे हैं और उसे %सती-सावित्री% न होने का ताना मारकर पर्चा भरने की बात कर रहे हैं, उन्हें जवाब देना चाहिए कि जब उन्हें सब पता था तो महिला को वहां क्यों लाया और रखा गया? झिंजर की क्या मजबूरी थी और किसके ऑर्डर पर उसे टिकट मिला? एसजीपीसी प्रधान हरजिंदर सिंह धामी की बनाई जांच कमेटी को %जूनियर्स की कमेटी% बताते हुए पन्नू ने कहा कि ये जूनियर्स अपने सीनियर्स या वल्टोहा जैसे नेताओं से क्या सवाल करेंगे, जो सोशल मीडिया पर गाली-गलौज और चरित्र खराब करने के आदी हैं, जैसा कि ज्ञानी हरप्रीत सिंह और दूसरों और उनके बच्चों के साथ किया गया था। पन्नू ने पूछा कि पंजाब पुलिस की जांच में सहयोग करने के बजाय सीबीआई जांच की मांग करके किसे बचाने की कोशिश की जा रही है? अगर इरादा साफ था, तो किसी पूर्व गुरसिख जज या पूर्व गुरसिख आईपीएस ऑफिसर से जांच क्यों नहीं करवाई गई?

बलतेज पन्नू ने सुखबीर सिंह बादल को एसजीपीसी का %चीफ कस्टोडियन% बताते हुए चेतावनी दी कि यह मामला चार-पांच दिन इंतजार करने या मामले को दबाने की कोशिश करने से खत्म नहीं होने वाला है। आज दुनिया भर के सिख बुद्धिजीवी और युवा सिख समज सवाल पूछ रहे हैं।

हरजिंदर सिंह धामी को चेतावनी देते हुए पन्नू ने कहा कि धामी साहिब, आपके पास जो बड़ा बैग है, उसे खोलकर देखिए। उसमें घोटालों और कामों की पूरी लिस्ट है। अगर वे चीजें बाहर आ गई, तो आप कहेंगे कि संस्थाओं को बदनाम किया जा रहा है। शहीदों की पवित्र धरती पर जहां लोग श्रद्धांजलि देने आते हैं, वहां एक महिला के साथ 8 महीने तक क्या हुआ, इसका जवाब आपको देना होगा। अगर सिख समुदाय एकजुट होकर जवाब मांगेगा, तो आपके लिए उन्हें जवाब देना मुश्किल हो जाएगा।

नगर कौंसिल नयागांव का बड़ा एक्शन: बिना नक्शे बन रही 3 बड़ी इमारतें सील



डेली आवाज भारती

नयागांव, हरतेज सिंह तेजी। नगर कौंसिल नयागांव की ओर से शहर में बिना नक्शा पास करवाए की जा रही निर्माण गतिविधियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कौंसिल की टीम ने बिना नक्शा पास करवाए और नियमों का उल्लंघन करते हुए बनाई जा रही 3 बड़ी इमारतों को मौके पर ही सील कर दिया। नगर कौंसिल के अधिकारियों ने बताया कि बिना नक्शे किए जा रहे निर्माण के खिलाफ विशेष अभियान शुरू किया गया है। इस कार्रवाई के तहत केवल इन तीन इमारतों पर ही कार्रवाई नहीं की गई, बल्कि शहर में ऐसी 70 से 80 अन्य इमारतों की विशेष सूची भी तैयार की गई है। अधिकारियों के अनुसार इन इमारतों के मालिकों को नोटिस जारी किए जा चुके हैं। विभाग की ओर से चेतावनी दी गई है कि यदि निर्माण संबंधी नियमों का पालन नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में इनके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। नगर कौंसिल की इस कार्रवाई के बाद शहर में बिना नक्शे निर्माण करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है। कौंसिल अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन करने वाले निर्माणों के खिलाफ कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

चंडीगढ़ में शिरोमणि पंथक दल का नेशनल सेमिनार: इंजी. सुरिंदर सिंह सहोता

लुधियाना (राकेश कुमार सिंगला हिम्मतपुरा): शिरोमणि पंथक दल के नेशनल कन्वीनर इंजी. सुरिंदर सिंह सहोता (लुधियाना) ने रिपोर्टर्स से बात करते हुए कहा कि भारत के सभी लोगों के हितों को ध्यान में रखते हुए, 11 अक्टूबर को सुबह 10:00 बजे चंडीगढ़ के सेक्टर 38ए में प्लॉट नंबर 1 (सेंट्रल श्री गुरु सिंह सभा) में एक ज़रूरी नेशनल सेमिनार किया जा रहा है। यह प्रोग्राम सरदार राजविंदर सिंह राही करेंगे। जस्टिस श्री निर्मल सिंह सेमिनार में चीफ गेस्ट के तौर पर शामिल होंगे। शिरोमणि पंथक दल ने इस नेशनल सेमिनार को ऑर्गनाइज़ करने के लिए सभी समझदार साथियों का दिल से शुक्रिया अदा किया। रिपोर्टर्स से बातचीत जारी रखते हुए, इंजी. सहोता ने आने वाले 2027 के असेंबली इलेक्शन (पंजाब, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मणिपुर वगैरह) के पॉलिटिकल नज़रिए और रीजनल मुद्दों पर भी अपने विचार शेयर किए।



अपनी ईमानदारी साबित करने के लिए होर्डिंगज पर 500 करोड़ खर्च करने से आपके भ्रष्ट कर्म नही धुलेंगें: सरदार सुखबीर सिंह बादल

अवैध खनन की ईडी जांच की मांग करते हुए कहा कि लूट का पैसा केजरीवाल के पास जा रहा

डेली आवाज भारती

चब्बेवाल। शिरोमणी अकाली दल के अध्यक्ष सरदार सुखबीर सिंह बादल ने आज मुख्यमंत्री भगवंत मान से कहा है कि खुद को '' ईमानदार' घोषित करने वाले होर्डिंगस पर 500 करो रूपये खर्च करने से उनके भ्रष्ट कर्म नही धुल सकते और कहा,'' ''ईमानदार लोगों को खुद को क्लीन चिट देने के लिए करो ो रूपये खर्च करने की आवश्यकता नही होती।''

अकाली दल अध्यक्ष ने 15हजार लोगों की एक विशाल पंजाब बचाओ रैली के लिए हलका इंचाज हरमिंदर सिंह संधू को अपना विधायक चुनने की अपील की। रैली को संबोधित करते हुए कहा,'' जो व्यक्ति इस तरह से जनता का पैसा बर्बाद करता है, वह कभी भी ईमानदार नही हो सकता।'' उन्होने कहा कि इस तरह के प्रचार स्टंट में शामिल होने के बजाय मुख्यमंत्री को बताना चाहिए कि सीएमओ पर प्रवर्तन निदेशालय द्वारा पोस्टिंग और तबादलों के नाम पर करो ों रूपये एकत्र करने का आरोप क्यों लगाया जा रहा है? सरदार बादल ने कहा,'' आपका अपना ओएसडी इस घोटाले में फंसा हुआ है।'' उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री गुरप्रीत कौर मान पर एक सीरियल रेपिस्ट को छो ने के लिए पांच करो रूपये की रिश्वत लेने का आरोप लगाया गया है। सरदार बादल ने कहा कि इस तरह के



हथकंडों से आम आदमी पार्टी को कभी भी चुनावी दौ में वापिस नही ला सकते। उन्होने कहा,'' लोग आचार संहिता लागू होने का इंतजार कर रहे हैं, क्योंकि आम आदमी पार्टी सरकार असहमति की आवाज को दबाने के लिए पुलिस बल का इस्तेमाल कर रही है। एक बार आचार संहिता लागू हो जाने के बाद आपसे जवाबदेही मांगी जाएगी।'' अकाली दल अध्यक्ष ने राज्य में आम आदमी पार्टी सरकार द्वारा चलाए जा रहे अवैध रेत खनन रैकेट के बारे में बताते हुए मांग की कि अरविंद केजरीवाल , मनीष सिसोदिया और भगवंत मान द्वारा की जा रही लूट की ईडी द्वारा जांच की जानी चाहिए। उन्होने कहा,'' एक बार यह हो जाने के बाद उन सभी को कानून के अनुसार जवाबदेह ठहराया जाएगा।'' रैली को संबोधित करते हुए सरदार बादल ने घोषणा की कि राज्य में अकाली दल सरकार बनने के बाद कंडी बेल्ट का पूरा विकास करने के लिए कंडी क्षेत्र विकास मंत्रालय स्थापित किया जाएगा। उन्होने कहा,'' हम पठानकोट को चंडीगे से जो ने वाला एक एक्सप्रेसवे बनाकर इस पूरे क्षेत्र को कवर करेंगें। हम कंडी बेल्ट के लिए एक विशेष औद्योगिक पैकेज भी पेश करेंगें और नए निवेशकों को सस्ती बिजली सहित कई प्रोत्साहन देंगें।'' उन्होने किसानों की सिंचाई की जरूरतों को पूरा करने के लिए लिफ्ट पंप और गहरे टयूबवैलों को स्वीकृत किया जाएगा। सरदार बादल ने अपने भाषण में संत हरि सिंह और राजा साहिब को भी याद करते हुए कहा कि राज्य में अकाली दल की सरकार बनने पर उनके सम्मान में एक संस्थान के रूप में एक स्मारक बनाया जाएगा।

पत्रकार अमरजीत धीमान की माता जी गुरदेव कौर जी का भोग एवं अंतिम अरदास 4 अक्टूबर को

डेली आवाज भारती



कुराली, संदीप अकालगढ़िया, पत्रकार अमरजीत धीमान की माता जी माता गुरदेव कौर जी, पत्नी स्वर्गीय सरदार जोगा सिंह जी, का 25 सितंबर 2026 को निधन हो गया था। उनके निधन से परिवार, रिश्तेदारों एवं स्नेहियों में शोक की लहर है। माता गुरदेव कौर जी का स्वभाव बेहद मिलनसार एवं स्नेहपूर्ण था। उन्होंने अपने परिवार को हमेशा प्रेम, अपनापन और अच्छे संस्कार दिए। माता गुरदेव कौर जी के निमित्त सहज पाठ के भोग एवं अंतिम अरदास 4 अक्टूबर 2026, दिन रविवार को दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक गुरुद्वारा हरिगोबिंदगढ़ साहिब, कुराली में होगी। माता जी के निधन से परिवार को गहरा दुख पहुंचा है। परिवार के सदस्यों ने कहा कि माता जी द्वारा दिए गए संस्कार, प्यार और स्नेह हमेशा उनके जीवन में मार्गदर्शन करते रहेंगे। उनकी स्नेहपूर्ण यादें परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों और परिचितों के मन में हमेशा बनी रहेंगी। परिवार की ओर से सभी सगे-संबंधियों, रिश्तेदारों, मित्रों, पत्रकार भाईचारे एवं स्नेहियों से अपील की गई है कि वे भोग एवं अंतिम अरदास के अवसर पर गुरुद्वारा साहिब में पहुंचकर परिवार के साथ दुख साझा करें।

वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने दिड़बा हलके के गांवों के विकास के लिए एक करोड़ रुपये से अधिक राशि के चेक किए वितरित

गांवों की सथों में पहुंचकर पंचायतों को सौंपे चेक; विकास के लिए फंडों की कमी नहीं आने दी जाएगी : चीमा

डेली आवाज भारती

दिड़बा। पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने आज विधानसभा हलका दिड़बा के लगभग आधा दर्जन गांवों का दौरा कर विभिन्न विकास कार्यों के लिए पंचायतों को एक करोड़ रुपये से अधिक राशि के चेक सौंपे। उन्होंने बिना किसी औपचारिक समारोह के गांवों की सथों में पहुंचकर सरपंचों को चेक भेंट किए और चल रहे विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया।

गांव रोगला में फिरनी पर प्रीमिक्स डालने के काम का जायजा लेने और सरपंच मनप्रीत कौर को विकास कार्यों के लिए चेक सौंपने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार शहरों के साथ-साथ गांवों के सर्वांगीण विकास को भी प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि गांवों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने और लोगों की जरूरतों के अनुसार विकास कार्य पूरे करवाने के लिए पंचायतों को लगातार फंड उपलब्ध करवाए जा रहे हैं।

हरपाल सिंह चीमा ने बताया कि गांव रोगला की फिरनी को करीब 90 लाख रुपये की लागत से 18 फीट चौड़ा किया जा रहा है और इस पर प्रीमिक्स डालने का काम चल रहा है।

- **रोगला की फिरनी को करीब 90 लाख रुपये की लागत से 18 फीट चौड़ा करने और प्रीमिक्स डालने के काम का लिया जायजा**





उन्होंने कहा कि पहले फिरनी की खराब हालत के कारण गांववासियों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इस कार्य के पूरा होने से लोगों को सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी। वित्त मंत्री ने गांव कैंपर की सथ में पहुंचकर सरपंच गुरसेवक सिंह को भी विकास कार्यों के लिए ग्रांट का चेक सौंपा। उन्होंने कहा कि हलके के गांवों में पहले से चल रहे कार्यों के साथ-साथ बाकी जरूरी कार्यों के लिए भी राशि जारी की जा रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि गांवों के विकास के लिए फंडों की कमी नहीं आने दी जाएगी। हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि कुछ गांवों में राज मिस्त्रियों और मजदूरों की कमी के कारण विकास कार्यों की गति प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि इन मुश्किलों के बावजूद सभी कार्य जल्द से जल्द पूरे करवाने के प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि लोगों को इन सुविधाओं का लाभ मिल सके। युवाओं को खेलों से जोड़ने के लिए किए जा रहे प्रयासों का जिक्र करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि विधानसभा हलका दिड़बा के लगभग हर तीसरे गांव में शानदार खेल स्टेडियम बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गांव स्तर पर खेल सुविधाएं उपलब्ध होने से युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलेगा। इससे उन्हें नशों से दूर रखने और रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि भूजल के संरक्षण के लिए नहरी पानी हर खेत तक पहुंचाने के लिए पाइपें बिछाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि नहरी पानी के अधिक से अधिक इस्तेमाल से भूजल पर निर्भरता कम होगी और किसानों को सिंचाई की बेहतर सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर गांव रोगला की सरपंच मनप्रीत कौर और गांव कैंपर के सरपंच गुरसेवक सिंह ने पंजाब सरकार और वित्त मंत्री का धन्यवाद करते हुए कहा कि गांवों में पहुंचकर पंचायतों को विकास कार्यों के लिए चेक सौंपना सराहनीय प्रयास है। उन्होंने बताया कि वित्त मंत्री ने अपने आने के बारे में फोन पर सूचित किया और गांवों की सथों में मिलकर चेक सौंपे। सरपंचों ने कहा कि बिना किसी औपचारिक समारोह के ग्रांट के चेक सौंपने से पंचायतों का समय बचता है और समारोहों पर होने वाले खर्च से भी बचाव होता है। इस अवसर पर ओ.एस.डी. तपिंदर सिंह सोही, एस.डी.ओ. दलजीत सिंह, मार्केट कमेटी दिड़बा की चेयरपर्सन जसवीर कौर शेरगिल, नगर पंचायत दिड़बा के अध्यक्ष मनिंदर सिंह घुमाण, आम आदमी पार्टी के युवा नेता लखविंदर सिंह काला और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

- **खेल स्टेडियमों के निर्माण और खेतों तक नहरी पानी पहुंचाने की परियोजनाओं के माध्यम से गांवों का स्वरूप बदलने के प्रयास जारी**

CMYK